वर्ष- 22 अंक - 77 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, रविवार 30 अगस्त 2026



## मां गंगा ने कराया लेटे हुए हनुमान को स्नान

**प्रयागराज.एजेंसी।** प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर के बीच संगम स्थित प्रसिद्ध लेटे हनुमान मंदिर में मां गंगा ने अपने पुत्र बजरंगबली को देर रात स्नान करा दिया। जैसे ही गंगा का पवित्र जल मंदिर के गर्भगृह में पहुंचा, पूरा मंदिर परिसर जयकारों और आरती से गूंज उठा।

## वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम कब जुड़ा? 21 को सुनवाई

**नई दिल्ली.एजेंसी।** सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिकता मिलने से पहले वोटर लिस्ट में दर्ज होने के आरोप वाले मामले में दिल्ली कोर्ट 21 सितंबर को आदेश सुनाएगा। निचली अदालत पहले जांच की मांग खारिज कर चुकी है। अधिवक्ता विकास त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम 1983 में भारतीय नागरिकता मिलने से पहले ही मतदाता सूची में दर्ज हो गया था।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव आज बाढ़ का जायजा लेंगे

भोपाल.एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज सतना जिले के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ और चित्रकूट में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेंगे। शनिवार रात वे दिल्ली से रीवा पहुंचे। उन्होंने आला अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य तेज करने के निर्देश दिए

## आप नेता की गोली मारकर हत्या



**फिरोजपुर.एजेंसी।** पंजाब के फिरोजपुर में आप नेता गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। चार हमलावर कार से फिरोजपुर के ममदोट के मुख्य बाजार में पहुंचे। वे कार से उतरकर उस कार पर गोलियां चलाने लगे, जिसमें गुरप्रीत सिंह (45) एक अन्य व्यक्ति हरप्रीत उर्फ हैप्पी (22) के साथ यात्रा कर रहे थे।

## चर्चित आईएएस दिव्या मित्तल ने दिया इस्तीफा



**रविवार.एजेंसी।** चर्चित आईएएस अफसर दिव्या मित्तल ने 13 सालों की सेवा के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आईआईटी, आईआईएम पास करने के बाद उन्हें लंदन में नौकरी मिली, लेकिन देश से दूर रहना उन्हें नागवार गुजरा। इसलिए वे भारत वापस लौट आईं।

# नेपाल से बहकर भारत की नदियों में आ रही लाशें

**महाराजगंज ● एजेंसी**

नेपाल में आई भीषण बाढ़ का असर अब भारत में भी दिखाई दे रहा है। नारायणी नदी में बाढ़ के पानी के साथ शव बहकर महराजगंज तक पहुंच रहे हैं। यहां अब तक चार शव मिले हैं, जिनमें तीन बच्चों के हैं। नदी में बहकर आए शवों, मलबे, लकड़ियों और सामान की ये तस्वीरें बाढ़ की तबाही का दर्दनाक मंजर दिखा रही हैं। नारायणी नदी में सिर्फ पानी नहीं बह रहा, बाढ़ के साथ लकड़ियां, घरेलू सामान, सिलेंडर समेत कई चीजें भी भारत की तरफ आ रही हैं।

### सामान निकाल रहे लोग

बाढ़ के बाद नदी के साथ बहकर आए सामान को निकालने के लिए कुछ लोग अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। बचाव दल उन्हें बार-बार नदी से दूर रहने की चेतावनी दे रहा है। इसके बावजूद कई लोग लकड़ी और दूसरी चीजें निकालने के लिए पानी के करीब पहुंच रहे हैं।



### 158 शव बरामद

नेपाल के नवलपरासी पूर्व जिले में शुक्रवार शाम तक नारायणी नदी के अलग-अलग हिस्सों से 158 शव बरामद किए जा चुके हैं।

### 105 भारतीय लौटे

**नेपाल में फंसे 105 भारतीय सुरक्षित नागपुर लौट आए। परिजनों ने स्टेशन पर इनका स्वागत किया।**



## रेसलर खली का हुआ एक्सीडेंट

**पानीपत.एजेंसी।** मशहूर रेसलर और डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार द ग्रेट खली की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। हादसा पानीपत टोल प्लाजा के पास हुआ। खली पंजाब से सोनीपत जा रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में द ग्रेट खली बाल-बाल बच गए। उन्हें किसी भी तरह गंभीर चोट की जानकारी सामने नहीं आई है। हादसे के बाद उनकी गाड़ी को नुकसान पहुंचा है।

## एवरेस्ट की हींग पर बैन

**नई दिल्ली.एजेंसी।** एफएसएसएआई यानी भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दो बड़े मसाला ब्रांड्स एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग पर बिक्री रोकने का आदेश जारी कर दिया है। यह फैसला दोनों कंपनियों के हींग के सैंपल जांच में मानकों से नीचे पाए जाने के बाद लिया गया है। एजेंसी ने साफ किया है कि यह बैन सिर्फ हींग प्रोडक्ट्स पर लागू है और इन कंपनियों के अंडा करी मसाला, चिकन करी मसाला या गरम मसाला जैसे बाकी प्रोडक्ट्स पर कोई रोक नहीं है।

## मुनीर पहुंचे हथियार फैक्ट्री भारत के खिलाफ नई साजिश?

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अचानक पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री यानी पीओएफ पहुंचे। यहां उन्होंने हथियार और गोला-बारूद के प्रोडक्शन का जायजा लिया। साथ ही दो नए इंडस्ट्रियल प्लांट भी देखे, जिनमें साल के अंत तक काम शुरू होने की उम्मीद है। मुनीर के इस दौरे से भारत के खिलाफ पाकिस्तान की नई साजिश की तैयारी माना जा रहा है। पाकिस्तान इस बार सऊदी अरब और तुर्की की मदद से अपनी सेना को मजबूत करने और भारत के खिलाफ बड़ी साजिश रचने की तैयारी कर रहा है।

## सड़कों पर चली नाव, 38 ट्रेनों को रोकना पड़ा

## मंदाकिनी नदी में बाढ़ से 400 दुकानें डूबीं

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**मध्य प्रदेश के सतना, चित्रकूट, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में बाढ़ जैसे हालात हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी करीब 30 फीट ऊंची बह रही है। घाट किनारे करीब 400 दुकानें डूब चुकी हैं। लोग घरों और होटलों में फंसे हैं।**

सतना में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। बड़ी तादाद में लोग बाढ़ में फंस गए। बचाव कार्य के लिए सेना को लगना पड़ा। सड़क पर नाव चलाकर और हेलीकॉप्टर के जरिये फंसे लोगों को निकाला जा रहा है।

पटरियां डूबने से यात्री ट्रेनें और 20 मालगाड़ियों को अलग-अलग स्टेशन पर रोकना पड़ा। नदियों में आई बाढ़ से भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट जलमग्न हो गई। चित्रकूट-सतना मार्ग पर रामघाट डूब गया। पुल व बांध क्षतिग्रस्त हो गए। पुल की रैलिंग टूट गई। रास्ता बंद होने से 5000 लोग 10 घंटे तक फंसे रहे। सतना में 24 घंटे में 5 इंच बारिश हुई। मंदाकिनी नदी का जलस्तर 135/200 मीटर तक पहुंच गया जो कि 23 साल में पहली बार हुआ।

षष्ठम पुण्यतिथि पर नमन

आपका जीवन हमारी प्रेरणा है, आपका आदर्श हमारा मार्गदर्शक है।

आपका स्नेह, मार्गदर्शन और संस्कार हमेशा हमारे साथ रहेंगे...



आपकी यादें हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी...

स्व.चौधरी जगदीश करोसिया

आपका जाना अपूरणीय क्षति है।

आपके विचार और आदर्श हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे...

:: शोकाकुल ::

करोसिया, करोतिया, सोदे, भैरवे, चंदेले, नरवाले एवं समस्त करोसिया परिवार



## यादव अहीर संगठनों की बैठक आज शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** यादव अहीर संगठनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव 4 सितम्बर को मनाने को लेकर बैठक और तैयारी की जा रही है। आज रविवार की शाम 5 बजे 25 से अधिक संगठनों की महत्वपूर्ण बैठक नंदबाग श्वेता परिसर दशरथ नगर पुल के पास रखी गई है। दीपू यादव ने बताया कि 4 सितम्बर की सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहा से प्रारम्भ होकर श्रम शिविर जेलरोड तक निकलने वाली यात्रा को लेकर आज महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। कांग्रेस से जुड़े श्याम यादव ने बताया कि बैठक में भी बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचेंगे, वहीं यात्रा को लेकर भी समाजजनों को परिवार के साथ बड़ा गणपति ले जाने की व्यवस्था की गई है। श्याम यादव ने बताया कि आज की बैठक के पहले भी बैठक के दौर चल रहे हैं। यात्रा को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# महापौर को लगाना पड़ी फटकार






### अधिकारियों से कहा काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, एक कर्मचारी से कहा जेब से निकालो हाथ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश सरकार के निर्देश पर इंदौर में भी झोन 18 कार्यालय पर मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम मिश्रा, विधायक महेन्द्र हार्डिया एवं पार्षद भी पहुंचे थे। कलेक्टर को एक कर्मचारी जेब में हाथ डालकर जवाब दे रहे थे, इस पर महापौर नाराज हुए और कहा कि कलेक्टर से जेब में हाथ डालकर बात की जाती है क्या, पहले जेब से हाथ निकालो। वहीं महापौर ने काम के प्रति कड़ाई जारी रखी और अधिकारियों से कहा जनता का काम करो, काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस शिविर में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर महापौर नाराज नजर आए और मौके पर फटकार भी लगाई। महापौर ने कहा जनता के काम को टालने और अनावश्यक रूप से लंबित रखने की शिकायतें मिल रही हैं। जनता की समस्या को तत्काल अधिकारी गंभीरता से लें और जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव है उन्हें तत्काल निपटाय जाए।

# माहेश्वरी महासभा कार्यसमिति में मोदानी निर्विरोध



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पश्चिमी म.प्र. प्रादेशिक सभा की ओर से माहेश्वरी महासभा कार्यसमिति की एक मात्र सीट पर तीन दावेदार थे। मिली जानकारी के मुताबिक तीनों एक ही गुट के थे। इस पर गुट सदस्यों ने बैठक कर सम्पत मोदानी ब्यावरा को महासभा में निर्विरोध भेजने का निर्णय किया। संयोगितागंज धर्मशाला कार्यालय में हुई बैठक में अशोक इनानी और पुष्कर बाहेती ने फार्म लेने के साथ फार्म भर भी दिए थे, लेकिन निर्णय के मुताबिक सम्पत मोदानी को निर्विरोध कराने के लिए इनानी और बाहेती ने फार्म दाखिल नहीं किए और आखिरकार सम्पत मोदानी अकेले फार्म भरने वाले उम्मीदवार रहे। वे अब निर्विरोध हो जाएंगे और विधिवत चुनाव अधिकारी महासभा कार्यसमिति के लिए उन्हें निर्विरोध कार्यसमिति सदस्य घोषित करेंगे। सम्पत मोदानी का स्वागत किया गया। इस दौरान अशोक इनानी, महेश मूंगड़, रवीन्द्र राठी काकाजी, ईश्वर बाहेती, प्रकाश अजमेरा, पुष्कर बाहेती, राजेश मूंगड़, मधुसूदन भलिका, मुकेश सारडा, रुपेश भूतडा, सुनील मालू, सत्यनारायण मंत्री पप्पू,चेतन बियाणी, श्याम सारडा, अनिल मंत्री, रजत लड्ढा, विकास बांगड सहित अन्य की मौजूदगी में मोदानी का सम्मान किया गया। सहायक चुनाव अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्होंने मोदानी का फार्म लिया।



## 18 खिलाड़ियों का किया ट्रस्ट ने सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा 18 खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। यह भी घोषणा की गई कि जो खिलाड़ी वंचित है उनके लिए नई अकादमी खोली जाएगी। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, राधेश्याम पटेल, मदन परमालिया, विनोद पटेल, नरेन्द्र सूर्यवंशी की मौजूदगी में आनंद यादव, नरेंद्र विल्सन , डॉ. रफीक खान, सरदार दर्शन सिंह, बद्री चौहान, कैलाश कौशल, के.सी. कपासिया, मनोहर लक्ष्मण पिता पद्मश्री शंकर लक्ष्मण, ओ. पी. संकत, अक्षत यादव, विवेक वर्मा, हर्षदीप कपूर, शैलेंद्र वर्मा, प्रियंका यादव, महिमा सिसोदिया, राकेश जोशी, राजेश मकवाने और डॉ. एस. पी. शर्मा, किशोर शुक्ला का सम्मान किया गया।

# 628 किसानों की बीमा राशि का मामला मुख्य सचिव तक पहुंचा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पिछले सात वर्षों से फसल बीमा राशि के लिए परेशान इंदौर जिले के 628 किसानों का मामला अब शासन के उच्च स्तर तक पहुंच गया है। भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बबलू जाधव द्वारा 13 अगस्त को मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव को भेजी गई शिकायत पर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने संज्ञान लेते हुए मामले को संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया है। प्राप्त ई-मेल रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य सचिव कार्यालय से शिकायत राजेश कौल को भेजी गई तथा 21 अगस्त को उनके द्वारा इसे आगे मनीष रस्तोगी, अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग को अग्रेषित किया गया। शिकायत की कार्रवाई में बबलू जाधव का ई-मेल भी सीसी में रखा गया है। बबलू जाधव ने कहा कि वर्ष 2016-17 से 628 किसान अपनी फसल बीमा राशि के लिए इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा पात्र किसानों को बीमा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद यदि आज तक राशि लंबित है, तो यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का विषय है। मुख्य सचिव द्वारा मामले को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना किसानों के लिए उम्मीद की किरण है। अब सरकार को केवल पत्राचार तक सीमित न रहते हुए 628 किसानों की पात्र बीमा राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

## प्रधानमंत्री के मन की बात सुन रहे हैं भाजपाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम देश भर के बाद प्रदेश और इंदौर में भी सुना जा रहा है। विधानसभा 1 के सभी ब्लॉक, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने बूथ पर वहां के रहवासियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुने और फोटो को भी संगठन एप पर अपलोड करें।

# मुख्यमंत्री और सांसद के बीच चर्चा का अर्थ ढूंढ रहे हैं भाजपाई



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद शंकर लालवानी के बीच करीब 15 मिनट तक चर्चा हुई। इस चर्चा के बाद खबर छोटे-छोटे भाजपाइयों तक पहुंची तो इस मुलाकात अर्थ निकालना भी शुरू हो गया। मुख्यमंत्री कल उज्जैन से इंदौर पहुंचे थे और यहां से महाराष्ट्र के गोंदिया के लिए रवाना होने के पहले शंकर लालवानी के साथ मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण मुलाकात करीब 15 मिनट तक हुई। विमानतल पर अकेले में हुई बातचीत को शहर और शहर की राजनीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों की अकेले में बातचीत हुई, इस दौरान कोई भी जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद नहीं थे। बातचीत शहर के विकास को लेकर हुई या स्थानीय राजनीति और संगठन से जुड़े विषय पर भी चर्चा हुई। दोनों के बीच बातचीत को लेकर कोई अधिकारिक बयान भी नहीं आया है। सूत्रों का कहना है कि विकास कार्यों और शहर से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई परियोजनाओं और जरूरतों से जुड़े विषय पर चर्चा की। खासतौर से इंदौर विमानतल के विस्तार और हवाई कनेक्टिविटी को लेकर चर्चा बताई जा रही है। विमानतल के विस्तार को लेकर अतिरिक्त जमीन पर भी चर्चा संभव बताई गई।

# विधायक ने आंगनवाड़ी में चखा बच्चों का भोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-5 में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच विधायक महेंद्र हर्डिया ने कल एमआईसी सदस्य राजेश उदावत एवं नंदू पहाड़िया के साथ आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता का स्वयं स्वाद लेकर परीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को हमेशा पौष्टिक, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान विधायक महेंद्र हर्डिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्र में झूले सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। विधायक हर्डिया ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत आधारशिला हैं। इसलिए यहां भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और आवश्यक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के भी निर्देश दिए।



**मैराथन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष और नेताप्रतिपक्ष, पोलिटिकल अफेयर कमेटी के सदस्य भी होंगे शामिल, नेहरू स्टेडियम होगा या नहीं इस पर संशय, पटवारी के यहां बैठक के बाद कांग्रेसियों का उत्साह बढ़ा**

# राहुल गांधी कार्यक्रम के लिए कांग्रेस करेगी 15 जिलों की बड़ी बैठक





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों की गूंज के अन्तर्गत छात्रों की बैठक ले रहे हैं और अपनी बात कह रहे हैं। अब राहुल गांधी 12 सितम्बर को इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों के 50 हजार छात्रों को छात्रों की गूंज के अन्तर्गत संबोधित करेंगे। इन 15 जिलों के कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदारी बांटने का काम भी शुरू कर दिया गया है। मामला राहुल गांधी का है इसलिए सीधे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी लग गए हैं। राहुल गांधी के करीबी बेजू और त्यागी भी कल पटवारी के निवास पर हुई बैठक में शामिल हुए। कल की बिजलपुर बैठक में महत्वपूर्ण बात यह हुई कि राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर 2 सितम्बर को इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों के कांग्रेसियों की बैठक शुभ कारज गार्डन में होगी। इसमें सांसद प्रत्याशी, विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश और सभी जिलों के पदाधिकारी की मौजूदगी रहेगी, वहीं खुद जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं पोलिटिकल अफेयर कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। शुभ कारज गार्डन में 6 से 7 बैठक होंगी। कल जीतू पटवारी के निवास पर जो बैठक हुई, उसमें प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले की भी मौजूदगी रही, लेकिन इंदौर शहर-जिले के संगठन महामंत्री की मौजूदगी नहीं रही। संभवतः उन्हें बुलाया नहीं गया था। विधानसभा प्रभारी और महत्वपूर्ण नेता अमन बजाज, दीपू यादव, शोभा ओझा, जीतू पटवारी, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, सत्यनारायण पटेल, सदाशिव यादव, संजय कामले, पंकज उपाध्याय, अजय रघुवंशी, आशुतोष चौकसे, जय हार्डिया, अमित पटेल, शैलेष गर्ग मौजूद थे। पटवारी के निवास पर राहुल गांधी के करीबी बेजू और त्यागी की मौजूदगी थी। बताया जा रहा है कि 2 सितम्बर की बैठक में 15 जिलों के महत्वपूर्ण कांग्रेसियों को जिम्मेदारी दी जाएगी, हर हाल में 50 हजार छात्रों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। अकेले इंदौर से करीब 10 हजार छात्रों का रजिस्ट्रेशन हो बाकी 14 जिलों से 40 हजार विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन हो। राहुल गांधी केवल छात्रों की गूंज में छात्रो से ही बात करेंगे, अन्दर कांग्रेसी मौजूद नहीं रहेंगे, सारे कांग्रेसी बाहर रहेंगे। राहुल गांधी के इंदौर कार्यक्रम को लेकर जैसे ही कल बात बाहर आई वैसे ही कांग्रेसियों में उत्साह बढ़ गया था। इंदौर-उज्जैन संभाग के सारे बड़े नेताओं से लेकर मंडलम स्तर तक के कांग्रेसियों को जिम्मेदारी दी जा रही है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराए, सांसद और विधानसभा प्रत्याशी से लेकर प्रदेश पदाधिकारी को भी लक्ष्य दिए जा रहे हैं।

## जबलपुर का कार्यक्रम इंदौर को मिला

राहुल गांधी के करीबी बेजू और त्यागी के इंदौर आने के बाद इंदौर में 12 सितम्बर को राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम तय हो गया है। पहले यह कार्यक्रम जबलपुर में तय हुआ था। कार्यक्रम की पूरी कमान जीतू पटवारी ने संभाल ली है। पटवारी के निवास पर बैठक में सत्यनारायण पटेल ही बेजू और त्यागी को लेकर पहुंचे थे।

### कांग्रेस ने निगम से मांगी अनुमति, कांग्रेसी पहुंचेंगे कल आयुक्त के पास

कांग्रेस ने आनन-फानन में कल नगर निगम में पांच दिनों के लिए नेहरू स्टेडियम की अनुमति 8 से 12 सितम्बर की मांगी है। राहुल गांधी का कार्यक्रम 12 सितम्बर को होना है उसके पहले नेहरू स्टेडियम में तैयारी हो जाए इसलिए 5 दिनों तक कांग्रेसी नेहरू स्टेडियम का किराया भरने को तैयार है। कांग्रेसियों को संशय है कि निगम आसानी से राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए स्टेडियम की हां नहीं भरेगा। विकल्प के रूप में कांग्रेसियों ने खालसा स्टेडियम पर भी निगाह टिकाई है। इधर कांग्रेसी सूत्रों का कहना है कि निगम आयुक्त के पास कल शहर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े सहित कांग्रेस के बड़े नेता, पार्षद, पदाधिकारी पहुंचेंगे और स्टेडियम की स्वीकृति मांगेंगे और जो भी किराया है वह कांग्रेस भरने को तैयार है। यहां विगत दिनों भाजपा का तलवारबाजी कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ था। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने भी खेलकूद गतिविधि और शासकीय कार्यक्रमों के लिए स्टेडियम में कार्यक्रम करने के निर्देश दे रखे हैं, अब देखना होगा कि यह राजनीतिक कार्यक्रम की स्वीकृति मिलती है या नहीं इस पर पूरा संशय है। राहुल गांधी का कार्यक्रम 12 सितम्बर को होना तय है और कांग्रेसी मानकर चल रहे हैं कि यह कार्यक्रम स्टेडियम में ही होगा फिर भी विकल्प देखना कांग्रेसियों ने शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने 8 से 12 सितम्बर नेहरू स्टेडियम के लिए पत्र भी निगम में लगा दिया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है और निगम में भाजपा की परिषद है, ऐसे में कांग्रेस आलाकमान लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर स्टेडियम में संशय के बादल मंडरा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी का कार्यक्रम कोटा, पुणे, प्रयागराज और अन्य शहरों में होने के बाद अब छात्रों की गूंज का कार्यक्रम इंदौर में होना तय हुआ है और 15 जिले मिलकर 50 हजार छात्र जुटाने का लक्ष्य पर काम करेंगे, लेकिन कार्यक्रम कहां होगा इसे लेकर कांग्रेसी ही संशय में हैं। छात्रों की गूंज में राहुल गांधी छात्रों से चर्चा करेंगे, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा, राहुल का उद्बोधन भी होगा, छात्र राहुल गांधी से संवाद भी करेंगे। सभी जानते हैं कि इंदौर शिक्षा का एक बड़ा हब बन चुका है और बड़ी संख्या में इंदौर के अलावा प्रदेश भर के छात्र यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, इसलिए इंदौर को राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम रखा गया है।

# तीन सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए निगम की चेतावनी शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कल महापौर व अधिकारियों की हुई थी महत्वपूर्ण बैठक, कल सुबह से होगी सख्ती**

शहर में यातायात जाम की स्थिति लगातार रहती है। खासतौर से कोई जुलूस, जलसा या त्योहार पर यातायात का कचूमर निकलता है। यातायात को सुचारू करने के लिए कल उच्च स्तरीय बैठक पुष्यमित्र भार्गव और अधिकारियों की मौजूदगी में हुई थी। तीन महत्वपूर्ण सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का फैसला इस बड़ी बैठक में लिया गया था। इन तीन सड़कों में राजमोहल्ला चौराहा से जवाहर मार्ग होते हुए राजवाड़ा तक के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने और दूसरी तरफ कृष्णपुरा पुल मृगनयनी से रीगल तिराहा तक और तीसरी सड़क शास्त्री मार्केट नसिया क्षेत्र से रिव्हर साइड रोड याने वापस कृष्णपुरा तक का मार्ग अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय का असर यह दिखा कि आज सुबह से इन तीन रोड पर निगम की गाड़ी चेतावनी के लहजे में अनाउंसमेंट कर रही थी। लोगों को चेतावनी दी जा रही थी कि वे अपने अतिक्रमण हटा लें। जहां-जहां बेवजह गलत पार्किंग वाहनों की गई है, लम्बे समय से वाहन खड़े रहते हैं वे वाहन भी हटा लें। इन तीन सड़कों पर कल सुबह से निगम, प्रशासन और पुलिस की टीम संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी। जहां-जहां वाहन गलत खड़े हैं उन्हें वहां से हटा दिया जाएगा, जहां-जहां अतिक्रमण है उन्हें भी हटाया जाएगा। अभी बड़ा गणपति से कृष्णपुरा तक के मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए शामिल नहीं किया गया है। अगली बार संभव है कि इस मार्ग के साथ सुभाष मार्ग, सपना-संगीता मार्ग को शामिल कर लिया जाए। सबसे ज्यादा यातायात बाधित होने का काम शहर के पश्चिमी और मध्य क्षेत्र के साथ कुछ और क्षेत्रों में होता है। आज निगम की गाड़ी का अनाउंसमेंट लोगों पर कितना असर करता है, वह देखना होगा, क्योंकि आज कई दुकानें रविवार होने की वजह से बंद है, जो भी है कल उच्च स्तरीय बैठक का असर आज चेतावनी के रूप में नजर आया, यह चेतावनी कल कितनी सार्थक होगी और रोड कितना चौड़ा होगा और यातायात कितना सुगम होगा यह सब कल सुबह की कार्रवाई के बाद कल शाम से नजर आएगा कि यातायात सुगम हुआ या नहीं।



## परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का हुआ सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया और स्वर्ण क्रांति के संदेशवाहक अनिल मिश्रा, राकेश चतुर्वेदी, अनूप शुक्ला का स्वागत परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने आज गंगवाल बस स्टैण्ड के समीप एमओजी लाइन स्थित होटल के बाहर किया गया। परशुरामजी की जन्म स्थली जानापाव में राष्ट्रीय स्तर की बैठक का आयोजन किया गया है। जानापाव से जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर बैठक में विचार-विमर्श भी होगा, अन्य संगठनात्मक विषय पर चर्चा होगी। पप्पी शर्मा, बबलू जोशी, प्रमोद जोशी, संतोष तिवारी, राजेश मिश्रा, नमन दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## सरकार दे रही है विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के शिक्षा पोर्टल के जरिए बीते 2 वर्षों में लगभग 1.25 करोड़ विद्यार्थियों के खातों में सीधे 696 करोड़ रूपए की छात्रवृत्ति का ऑनलाइन भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# हेड कांस्टेबल की गुंडागर्दी...

## महिला थाने में केस दर्ज कराने से नाराज होकर पत्नी पर गैंती से हमले का किया प्रयास

## बीच-बचाव करने आई बेटी को भी थप्पड़ों से पीटा, पत्नी का गला दबाने की कोशिश

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित आरएपीटीसी कैंपस में खाकी को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ पदस्थ एक हेड कांस्टेबल ने महिला थाने में दर्ज कराई गई प्रताड़ना की शिकायत से नाराज होकर अपनी ही पत्नी और बेटी के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट की। आरोपी पति ने पत्नी पर गैंती से हमला करने का प्रयास किया और बीच-बचाव करने आई अपनी मासूम बेटी को भी थप्पड़ों से पीट डाला। इतना ही नहीं, आरोपी ने पत्नी का गला दबाकर जान से मारने की खौफनाक धमकी भी दी। पीड़ित महिला की शिकायत पर एरोड्रम थाना पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी वंदना गौड़ निवासी क्वार्टर दूसरी पलटन, आरएपीटीसी परिसर, एरोड्रम ने थाने पहुँचकर अपने पति के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि उनका पति सुशील गौड़ आरएपीटीसी में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत है। पीड़िता ने पूर्व में पति की प्रताड़ना से तंग आकर इंदौर के महिला थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी बात की रंजिश रखते हुए आरोपी सुशील रोजाना घर में क्लेश करता था और पीड़िता को झूठे केस में फंसाने की धमकियां देकर मारपीट करता था। घटना बीते 14 अगस्त की है, जब इसी पुरानी बात को लेकर आरोपी सुशील गौड़ घर में गाली-गलौज करने लगा। जब पीड़िता ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी आपा खो बैठा और जान से मारने की नीयत से पास में रखी गैंती उठाकर पीड़िता पर हमला करने दौड़ा। पिता को माँ पर हमला करते देख बेटी अदिती गौड़ तुरंत बीच-बचाव करने पहुँची। इस पर बेकाबू हुए आरोपी सुशील ने अपनी ही बेटी अदिति के साथ थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी।बेटी को पिटता देख जब पीड़िता उसे बचाने आगे आई, तो आरोपी पति ने पत्नी वंदना का गला दबाने की कोशिश की और बुरी तरह पीट डाला। जाते-जाते आरोपी ने पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी। पीड़िता किसी तरह हिम्मत जुटाकर थाने पहुँची और पुलिस को पूरी आपबीती सुनाई।



## कीचड़ में फंसा टैंकर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** स्कीम नं.54 में एक टैंकर सड़क पर फैले कीचड़ में फंस गया। टैंकर पानी से भरा हुआ था। उसका एक टायर धंसा तो चालक ने टैंकर रोड पर ही खाली किया और फिर जैसे-तैसे उसे बाहर किया।

## ब्लेक फिल्म लगे 25 वाहनों पर कार्रवाई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पुलिस द्वारा वीकेंड पर चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने 24 और झोन-4 के अन्तर्गत आने वाले थाना पुलिस ने एक चालान ब्लेक फिल्म लगे वाहनों का बनाया है। इसके अलावा पुलिस ने कल 41 दोपहिया वाहन, 77 चार पहिया वाहन पर कार्रवाई की है। वहीं 50 स्थायी वारंट, 47 गिरफ्तारी वारंट के अलावा 118 185एमवीए की कार्रवाई की है।

## बैठक में शामिल होने ओरछा पहुंचे इन्दौरी नेता

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक आज से शुरू हुई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अलावा केन्द्रीय एवं प्रादेशिक मंत्री और प्रदेश से चुने गए राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा संगठन पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए है। इन्दौर से भी प्रदेश से जुडे पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि बैठक में पहुंचे और पहुंच भी रहे है। उल्लेखनीय है कि बैठक व्यवस्थाओं की कमान गौरव रणदिवे के हाथ में है।

## चंदन नगर पुलिस की दोहरी स्ट्राइक...

# कोकीन के साथ नशा तस्कर दबोचा ऑटो रिक्शा चोर भी चढ़े हत्थे

### गिरोह के नेटवर्क व अन्य चोरी के वाहनों के संबंध में पूछताछ जारी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

**चंदन नगर थाना पुलिस ने शहर में नशे के काले कारोबार और संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो बड़ी सफलताओं को अंजाम दिया है। पुलिस की टीम ने एक तरफ जहाँ घेराबंदी कर महँगे और घातक नशीले पदार्थ 'कोकीन' की तस्करी करने वाले एक आरोपी को धर दबोचा, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में लगातार ऑटो रिक्शा चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर चोरों को भी सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है।**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ कोकीन की डिलीवरी देने एक तस्कर आने वाला है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सटीक घेराबंदी की और आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध कोकीन बरामद की गई है। पकड़ा गया आरोपी यह कोकीन कहाँ से लाया था और इंदौर में किसे सप्लाई करने जा रहा था, इस संबंध में उससे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही, थाना क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ऑटो रिक्शा चोरी की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की एक विशेष टीम पतारसी में जुटी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय मुखबिरों से मिली सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस ने ऑटो रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए ऑटो रिक्शा और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है, साथ ही यह भी खंगाला जा रहा है कि इन्होंने अब तक शहर में चोरी की कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दोनों ही मामलों में पकड़े गए आरोपियों से सघन पूछताछ जारी है, जिससे नशे की सप्लाई चेन और वाहन चोरी के नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों के नाम सामने आने की पूरी उम्मीद है। चंदन नगर थाना पुलिस आज दोपहर एक औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इन दोनों बड़ी कार्रवाइयों का आधिकारिक खुलासा करेगी, जिसमें जब्त मादक पदार्थ की मात्रा, आरोपियों के नाम व उनके आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## साढ़े 4 घंटे लेट आई पटना से ट्रेन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रदेश के सतना, टीकमगढ़, चित्रकूट और पन्ना जिले में बाढ़ के हालात बने हुए है। भारी बारिश के कारण एक ओर जहां जनजीवन अस्तव्यस्त हुए है वहीं रेल यातायात भी प्रभावित हुआ है। कल बारिश के कारण पटना से इन्दौर आने वाली ट्रेन क्रमांक 09344 चार घंटे देरी से पहुंची। ट्रेन का इन्दौर पहुंचने का समय रात 11.10 बजे है, लेकिन ट्रेन आज अलसुबह 4 बजे इन्दौर पहुंची। इसके अलावा इन्दौर से कल रात रवाना हुई शिप्रा एक्सप्रेस भी करीब 1 घंटे देरी से चल रही है।

## ट्रैफिक पर बड़ा एक्शन

# इंटरसिटी बसें शहर से बाहर, बचे हुए सभी प्रमुख लेफ्ट टर्न होंगे चौड़े

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

शहर में बढ़ते यातायात दबाव के बीच अब यातायात व्यवस्था को नए सिरे से बदलने की तैयारी है। रेसीडेंसी कोठी में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई हाई पावर बैठक में शहर के ट्रैफिक को लेकर बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया गया। इसमें 17 प्रमुख चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़े करने के बाद अब शहर के अन्य प्रमुख लेफ्ट टर्न भी चौड़े करने, तीन प्रमुख सड़कों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करने और शहर में दौड़ रही इंटरसिटी बसों को शहर की सीमा से बाहर करने पर सहमति बनी। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आरके सिंह, एआरटीओ राजेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

ट्रैफिक सुधार की इस योजना को तत्काल राहत से लेकर भविष्य के मास्टर प्लान तक तीन चरणों शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म में बांटा गया है। यानी अगले एक साल में जहां चौराहों और बॉटलनेक पर काम होगा, वहीं 1 से 3 साल में फ्लाईओवर, बस नेटवर्क और मंडियों की शिफ्टिंग जैसे बड़े फैसले जमीन पर उतरेंगे। तीन साल के बाद ट्रैफिक इंजीनियरिंग सेल, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट और पैदल-साइकिल आधारित नेटवर्क पर फोकस होगा।

माल ढुलाई जो कमर्शियल वाहनों से होती है उनके लिए लोडिंग-अनलोडिंग के लिए रात का समय निर्धारित किया जाएगा, ताकि दिन के पीक आवर्स में सड़क पर जाम न लगे।वहीं ई-चालान और मोबाइल कोर्ट सीसीटीवी से नियम तोड़ने वालों पर ई-चालान की कार्रवाई बढ़ाई जाएगी। मोबाइल कोर्ट के जरिए भी कार्रवाई तेज होगी।

अतिक्रमण और आवारा मवेशियों पर कार्रवाई प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने के साथ आवारा मवेशियों की समस्या पर भी सख्ती होगी। सिटी बस 350 से बढ़ाकर 1500 करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही शहर के भीतर चलने वाली लगभग 1,500 इंटरसिटी बसों को नियंत्रित कर शहर की सीमा से बाहर करने के लिए औपचारिक नीति तैयार की जाएगी।थोक मंडियों और लोडिंग-अनलोडिंग जोन को निर्धारित बाहरी क्षेत्रों में शिफ्ट करने की योजना है।चार बस टर्मिनलों की 24 घंटे कनेक्टिविटी गंगवाल, सरवटे, नायता मुंडला और कुमेडी बस टर्मिनलों के बीच परिवहन कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी।

ऑफिस-बाजारों की टाइमिंग बदलेगी दफ्तरों और बाजारों के खुलने-बंद होने के समय में बदलाव कर ट्रैफिक के पीक आवर्स को कम करने की योजना है।शहर की बढ़ती जरूरत के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस बल को करीब 1200 से बढ़ाकर 2500-3,000 तक करने का लक्ष्य रखा गया है।भविष्य में ई-चालान व्यवस्था को वाहन मालिक के बैंक खाते और फास्ट टैग जैसे डिजिटल सिस्टम से जोड़कर जुर्माने की वसूली को ज्यादा प्रभावी बनाने की योजना है।मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट के तहत मेट्रो, सिटी बस और सब-अर्बन रेल को आपस में जोड़ने पर जोर रहेगा। मकसद साफ है एक वाहन से पूरा सफर करने के बजाय लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट के अलग-अलग साधनों को जोड़कर इस्तेमाल करें।शहर में समर्पित साइकिल ट्रैक और पैदल यात्रियों के लिए विशेष स्ट्रीट विकसित करने की योजना भी लॉन्ग टर्म प्लान में शामिल है। 25 से अधिक फ्लाईओवर बनाने का लक्ष्य है। तीन प्रमुख सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा।

# राखी पर बहनों के फ्री सफर का बिल आज निगम को दे सकती है एआईसीटीएसएल

## 6 हजार से ज्यादा महिलाओं ने सिटी बसों में किया था निःशुल्क सफर; पुराने फ्री सफर का करीब 65 करोड़ रुपए बकाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रक्षाबंधन पर बहनों को सिटी बसों में मुफ्त सफर की सौगात देने के बाद अब इसका बिल नगर निगम के सामने आने वाला है। एआईसीटीएसएल (अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड) आज या कल रक्षाबंधन पर हुए निःशुल्क सफर का बिल नगर निगम को सौंप सकती है। इस साल 6 हजार से ज्यादा महिलाओं ने शहर की सिटी बसों में मुफ्त यात्रा की है। खास बात यह है कि इस बार मुफ्त सफर की घोषणा अंतिम समय में हुई थी और इसका पूरा खर्च नगर निगम द्वारा उठाने पर सहमति बनी थी।

रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त सफर की घोषणा को लेकर इस बार शुरुआत से ही असमंजस की स्थिति थी। एआईसीटीएसएल और बस ऑपरेटर आर्थिक नुकसान उठाने की स्थिति में नहीं थे। यही वजह थी कि कंपनी की ओर से प्रदेशभर में मुफ्त सफर की घोषणा नहीं की गई थी। इसी बीच चार्टर्ड बस सेवा के ऑपरेटर ने अपनी इंटरसिटी बसों में महिलाओं के लिए निःशुल्क सफर की घोषणा कर दी और इसका आर्थिक भार भी खुद उठाने की बात कही।

### मांग उठी तो निगम को लेना पड़ा फैसला

इंटरसिटी बसों में मुफ्त सफर की जानकारी सामने आने के बाद इंदौर में सिटी बसों में भी महिलाओं को यह सुविधा देने की मांग उठी। नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट इसी मांग को लेकर सिटी बस कंपनी के कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को पत्र देकर रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए सिटी बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा करने की मांग की। मामला गरमाने के बाद महापौर ने भी मोर्चा संभाला और एआईसीटीएसएल के अधिकारियों को महिलाओं के लिए मुफ्त सफर की घोषणा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कंपनी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एआईसीटीएसएल और बस ऑपरेटर पहले से आर्थिक दबाव में हैं और मुफ्त सफर से होने वाले नुकसान की भरपाई किए बिना यह फैसला लेना मुश्किल होगा। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पिछले वर्षों के मुफ्त सफर का करीब 65 करोड़ रुपए का भुगतान अब तक लंबित है।

### महापौर ने कहा- निगम करेगा भुगतान

अधिकारियों की आपत्ति के बाद महापौर ने स्पष्ट किया कि रक्षाबंधन पर महिलाओं के मुफ्त सफर का खर्च नगर निगम वहन करेगा। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने एआईसीटीएसएल को लिखित में भी दिया कि इस साल मुफ्त सफर की राशि का भुगतान निगम द्वारा किया जाएगा। इसके बाद कंपनी ने महिलाओं के लिए रक्षाबंधन पर सिटी बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा शुरू कर दी। अब त्योहार बीत चुका है और हजारों महिलाएं इस सुविधा का लाभ ले चुकी हैं। ऐसे में एआईसीटीएसएल की ओर से मुफ्त सफर का बिल निगम को भेजे जाने की तैयारी है। कंपनी सूत्रों के अनुसार बिल आज या कल निगम को दिया जा सकता है।

### सालों से नहीं हुआ भुगतान

बकाया पहुंचा 65 करोड़ के करीब

एआईसीटीएसएल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि रक्षाबंधन पर पिछले कई वर्षों से महिलाओं को मुफ्त सफर कराया जाता रहा है, लेकिन इसके एवज में होने वाले खर्च का भुगतान नगर निगम की ओर से नियमित रूप से नहीं किया गया। इसके चलते यह राशि अब करीब 65 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। चूंकि एआईसीटीएसएल शासकीय व्यवस्था के तहत संचालित होती है, इसलिए कई मामलों में बिलों का आपसी समायोजन कर लिया जाता है। हालांकि पुराने बकाया के भुगतान या समायोजन को लेकर फिलहाल कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ऐसे में इस बार रक्षाबंधन के मुफ्त सफर का नया बिल आने के साथ ही निगम के सामने पुराने बकाए और नए भुगतान का मुद्दा खड़ा होगा।

### एक दिन की मुफ्त यात्रा, लेकिन निगम पर फिर आर्थिक भार

रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त सफर की सुविधा देने का फैसला भले ही त्योहार के लिहाज से राहत देने वाला रहा हो, लेकिन इसके साथ नगर निगम पर एक और वित्तीय भार जुड़ गया है। एक तरफ एआईसीटीएसएल के पुराने करीब 65 करोड़ रुपए के बकाए का मामला लंबित है, वहीं अब इस साल के मुफ्त सफर का भुगतान भी निगम को करना होगा।

# 26 ई-बस से 6 रूट पर सफर का फायदा

## इंदौर से भोपाल, उज्जैन, मांडव, खरगोन, खंडवा, सेंधवा दौड़ेगी बस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



प्रदेश भर में ई-बसें चलाने का सरकार का इरादा सार्थक होता नजर आ रहा है। अब इंदौर से 5 रूटों पर 26 ई-बस चलेगी, इस ग्रीन मोबिलिटी से सफर बदलेगा। इस नई ग्रीन मोबिलिटी सेवा से इंदौर से भोपाल, उज्जैन, मांडव, खरगोन, खंडवा शहर तक यात्रियों का सफर आसान हो जाएगा। इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड यानी आईएमसीटीएसएल ने इंदौर से करीब 26 इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना तैयार की है। इन बसों का संचालन निजी ऑपरेटरों को सौंपा जाएगा। ऑपरेटर सिर्फ बसें चलाने का काम नहीं करेंगे, बल्कि लंबे समय तक बसों के रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। मौजूदा योजना के अनुसार करीब 8 साल तक बसों के संचालन और मेंटेनेंस की व्यवस्था रखी जाएगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि इंदौर से भोपाल के लिए 8, उज्जैन के लिए 6, मांडव के लिए 2, खरगोन-खंडवा के लिए 8, सेंधवा के लिए 2 बसें चलाई जाएगी। इस ई-बस के लिए कई सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है, इनमें ऑनलाइन टिकिट बुकिंग की सुविधा भी होगी, जिससे बस में सफर के पहले टिकिट बुकिंग हो जाएगी। सरकार की योजना धार्मिक पर्यटन स्थलों को और ताकत से जोड़ने की है, जिसमें ओंकारेश्वर भी शामिल है। अभी उज्जैन को जोड़ने के साथ पर्यटन स्थल मांडव को भी जोड़ा जा रहा है। इन बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल के तहत चलाने की योजना है। इसके तहत ऑपरेटरों को तय रूट दिए जाएंगे और वे बसों के संचालन की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री परिवहन सेवा के तहत भी दूर के शहरों को जोड़ने की तैयारी चल रही है। 20 से ज्यादा रूट के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में बताई जा रही है। इनमें इंदौर से सागर, जबलपुर, शहडोल और बालाघाट जैसे शहरों को जोड़ने वाले रूट भी शामिल हैं। इंदौर-उज्जैन संभाग के 15 जिलों में 170 से ज्यादा इलेक्ट्रीक बसें चलाने की योजना बनाई गई है। इंदौर में सिटी बस सेवा के 14 रूट पर पीएम ई-बस सेवा शुरू हो चुकी है। आने वाले समय में करीब 150 और बसें चलाने की योजना है। इससे इंदौर और आसपास के इलाकों में सार्वजनिक परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ेगी। आने वाले समय में ग्रीन मोबिलिटी और पीएम ई-बस सेवा मिलकर शहर और दूसरे प्रमुख इलाकों के बीच कनेक्टिविटी को नया रूप दे सकती हैं।



# आयुक्त ने किया आवासीय भवनों का स्थल निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा द्वारा एम.आर.-5 रोड, बड़ा बांगड़दा स्थित सतपुड़ा एवं शिप्रा परिसर में निर्माणाधीन आवासीय भवनों का स्थल निरीक्षण किया गया। अधिकारी अर्थ जैन के अलावा कंसलटेंस टीम और एजेन्सी प्रतिनिधि मौजूद रहे। सिंघल द्वारा सतपुड़ा परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत निरीक्षण किया गया तथा ठेकेदार को भवनों में शेष सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयुक्त सिंघल द्वारा शिप्रा परिसर में निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासीय भवनों का भी निरीक्षण किया गया। शिप्रा परिसर में निर्मित 1-बीएचके आवासीय फ्लैटों की बुकिंग नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा 5 सितंबर 2026 से प्रारंभ की जाएगी। इन आवासीय इकाइयों की कीमत 13.50 लाख निर्धारित की गई है तथा इच्छुक नागरिक नगर निगम की 311 एप्लीकेशन के माध्यम से बुकिंग/आवेदन कर सकेंगे। आयुक्त ने पीएमएवाय टीम एवं कंसल्टेंट टीम को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए ठेकेदार के साथ समन्वय स्थापित कर शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए।



# डिस्पोजल और पॉलीथिन पर 5 हजार की चालानी कार्रवाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जोन 1 वार्ड 16 के अंतर्गत बांगड़दा रोड स्थित रिनल स्टोर पर प्रतिबंधित अमानक सिंगल यूज डिस्पोजल पॉलीथिन का विक्रय किया जा रहा था तभी निगम के वार्ड दरोगा लाखन पवार द्वारा देखा गया और सहायक सीएसआई भारत करोसिया को सूचना दी। करोसिया मौके पर पहुंचे। करोसिया ने प्रतिबंधित सामग्री पर 5 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई शुरू की तो दुकानदार ने इधर-उधर बात कराने की कोशिश की। करोसिया ने दुकानदार की बात नहीं सुनी और फटकार लगाई। इस दौरान दरोगा लाखन पवार, योगेश धीमान, उपस्थित थे।

# राग आधारित गीतों से सजेगी शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'फ़िल्मी गीतों में राग' शीर्षक से संस्था 'सप्त सुर' द्वारा कल 31 अगस्त की शाम प्रीतमलाल दुआ सभागार में लाईव संगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राग आधारित गीतों की इस संगीत निशा में 26 सदाबहार फ़िल्मी गीत प्रस्तुत किये जायेंगे। प्रतिमा निगुड़कर, सीमा शर्मा, शबनम वर्मा, आस्था शर्मा, देवेन्द्र सिन्नरकर, नीरज वर्मा, प्रदीप गावड़े, संजय कापसे और राजेश जोशी प्रस्तुति देंगे।

# सिंधी समाज की महिलाएं कर रही है तिजड़ी पर्व की तैयारी

## कल मनेगा पर्व

### मातृशक्ति रखेंगी निर्जला व्रत, माता की होगी पूजा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**





सिन्ध रक्षक संगठन की महिला संयोजक चांदनी फुंदवानी ने बताया कि कल 31 अगस्त को सिंधी समाज की मातृशक्तियां माता तिजड़ी की पूजा आराधना कर पर्व मनाएंगी, निर्जला व्रत रखा जाएगा, पति की लम्बी उम्र की कामना और युवतियां अच्छे जीवन साथी की कामना करेंगी। सभी सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तिजड़ी सेलिब्रेशन सिंधु सेवा परिषद एवं सिंधु मातृशक्ति द्वारा कल दोपहर 2 बजे से सिंधु भवन जय जगत, क्रांति कृपलानी नगर में एवं सामूहिक पूजा भारतीय सिंधू सभा द्वारा रात्रि 7 बजे से लाड़काना नगर स्थित लाड़काना सिंधु पैलेस में होगी। कई प्रतियोगी और मनोरंजन गेम खेले जाएंगे। कल शाम 7 बजे लाड़काना सिंधु पैलेस में विशाखा सतीश शर्मा द्वारा तिजड़ी माता का पूजन कराया जाएगा, रात्रि में चन्द्रमा के दर्शन के बाद अर्घ्य अर्पण कर पति के दर्शन के बाद व्रत खोला जाएगा। आयोजन से चांदनी फुंदवानी, सरिता, मंजू ठाकुर, नीतू चावला जुड़ी हुई हैं।



## वीर अलीजा के समक्ष नशामुक्ति प्रतिज्ञा अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वीर अलीजा बाबा सरकार पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहने पहुंची और महंत पवनानन्द महाराज के समक्ष बाबा को रक्षा सूत्र अर्पण करने के साथ सभी ने 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान की जानकारी देकर संकल्प अभियान आगे भी चलाने की बात कही।



## परिजनों ने खेला केबीसी खेल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता रजत गर्ग के परिजनों ने सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम के बाद सामूहिक केबीसी खेल खेला।





## भुजरिया पर्व पर छड़ी और निशान निकले

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वाल्मीकि समाजजन भुजरिया पर्व को लेकर रोजाना छड़ी और निशान आस्था की दरकार के साथ निकाल रहे हैं। नंगे पैर निशान लेकर राजवाड़ा और गोगादेव मंदिर भी पहुंच रहे हैं। कल वाल्मीकि बस्तियों से छड़ी और निशान लेकर बहुत बड़ी संख्या में शाम से ही राजवाड़ा पहुंचना शुरू हो गए थे। रात तक वाल्मीकि समाजजन राजवाड़ा और पंढरीनाथ पहुंचते रहे।

## ग्रुप ने बिताया वृद्धजनों के साथ समय



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा राजशांति आशियाना पहुंचकर वृद्धजनों के साथ स्नेहपूर्ण समय बिताया। गायत्री मंत्र का उच्चारण भी हुआ, सामग्री भेंट की गई, वृद्धों को नाश्ता करवाया गया उनके साथ गेम्स खेले, डांस किया, अंताक्षरी कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।



## नौका पर सवार राम-केवट निकले

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री केवटराम सामाजिक जनसेवा समिति द्वारा भुजरिया चल समारोह के अन्तर्गत कल शाम चल समारोह बक्षीबाग से निकाला गया जो कृष्णपुरा छत्री होते हुए वापस बक्षीबाग पहुंचा। राम केवट की चलित झांकी भी रही। डंडा पार्टी, अखाड़े, बैंड, ढोल भी शामिल हुए। शशिकांत गौड़, बबलू गौड़, दशरथ गौड़, प्रकाश गौड़, राधे गौड़, गणेश गौड़, दीपक गौड़, जीतू गौड़, राजेश गौड़ सहित मातृशक्तियां भी शामिल हुई।

## आई बैंक ने निकाली जागरूकता रैली

### नेत्रदान महादान के नारे भी गूंजे




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नेत्रदान जागरूकता को लेकर आज सुबह शंकरा आई बैंक ने जागरूकता रैली राजवाड़ा से छप्पन दुकान तक निकाली। पूरे रास्ते नेत्रदान करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया। नेत्रदान, महादान के नारे भी गुंजाए गए, जिससे लोगों में नेत्रदान कराने को लेकर जागरूकता बनी रहे। जीते जी लोग नेत्रदान का संकल्प पत्र भी भर सके, जिससे लोगों को आंखों की रोशनी मिल सके। इसके लिए बैनर-पोस्टर लेकर इस जागरूकता रैली में संदेश भी दिया गया।




## समिति ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुधारामकृष्ण समिति ने नशे से दूरी है बहुत जरूरी संदेश के साथ जागरूकता अभियान चलाया। विनय तिवारी, सौरव तिवारी, खुशी जोशी, गोविंद पाटीदार, संजय तिवारी, विजय तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## साबरी की कव्वाली के अलावा गजल भी सुनी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** हिन्दी साहित्य समिति में कव्वाली और गजल का आयोजन किया। इस्माइल साबरी और साजिंदो ने कव्वाली, शायरी, गजल की अलग-अलग प्रस्तुति दी। अतिथि दिलीप राजपाल, रामबाबू अग्रवाल, शावेज खान, नजीर खान चिंतन बाकीवाला, कैलाश गुरबानी, अनोखीलाल हलदर, रितू छाबड़ा, राजेश गोगले, नसीरुद्दीन शाह, असलम मौजूद थे, बड़ी संख्या में श्रोता भी रहे।



## टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एम विन नेशनल पब्लिक स्कूल में 'टीचर्स ट्रेनिंग वर्कशॉप' का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षित होने में रुचि ली। वक्ता याकूब मेमन, आमिर खोकर ने शिक्षकों को संबोधित किया।



## एडवेंचर ग्रुप पहुंचा चोरल के प्राकृतिक नजारे का लुत्फ लेने

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एडवेंचर ग्रुप से जुड़े बोहरा समाज के सदस्य चोरल डेम क्षेत्र में प्रकृति का लुत्फ लेने भ्रमण के रूप में पहुंचे। अब्बार बड़वानीवाला, जुजर खोकावाला, कुतुब टीनवाला, अहसान मुरब्बी, अबुज़र महरिम, फिरोज सैफी, आबिद, हातिम बड़नगरवाला, मज़हर, शब्बीर, डॉ. सफदरी, अबुजर महरिम शामिल थे।

# वाल्मीकि समाजजन गोगानवमी पर राजबाड़ा जल्द पहुंचे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर नगर अनुसचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ के महेश गौहर एवं राजपाल मेलाने ने बताया कि हर बार की तरह इस वर्ष भी परदेशीपुरा के अर्जुन सिंह गौहर नगर से भगत मनोज बैंडवाल के निशान के साथ धार्मिक एवं राष्ट्रीय झांकी पर्यावरण का संदेश देते हुए निकाली जाएगी। गौहर और मेलाने ने कहा कि वाल्मीकि बस्तियों से झांकियां, निशान राजबाड़ा 8 बजे तक पहुंच जाए। राजवाडा पर विभिन्न मंचों से भगतों एवं झाँकी कलाकारों का सम्मान होगा वही कामगार संघ भी प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार, झाँकियों एवं सादी फूलों की छडियो को प्रदान करेंगे। गौहर ने कहा कि इस बार झांकियों का सैलाब रहेगा जो अनंत चतुर्दशी का एहसास करा देंगे। 28 वाल्मीकि बस्तियों से निशान विद्युत छटा के साथ राजबाडा पहुंचेंगे।



# वैश्य परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र वैश्य महासम्मेलन द्वारा 26-27 सितम्बर को रिंग रोड स्थित दस्तूर गार्डन पर होने वाले आयोजन की तैयारियों के लिए 25 संगठनों की बैठक आयोजित की गई। लगातार तैयारियां की जा रही है। प्रत्याशियों के परिचय देने के लिए स्टूडियो बनाया जाएगा जिसके माध्यम से वे अपनी बात मौजूद समाजजनों तक पहुंचा सकेंगे। दिनेश मित्तल, अरविन्द बागडी, धीरज खंडेलवाल, अशोक खंडेलवाल, शिव जिंदल, राजेश गर्ग सहित अन्य बैठक में मौजूद थे।

# कवि, साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों का समागम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय कलमकार मंच के तत्वावधान में काका हाथरसी पुरस्कार समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 2 सितंबर को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। सुभाष खंडेलवाल, रामबाबू अग्रवाल, कमलेश्वर सिंह सिसोदिया, डॉ. पंकज विरमाल मौजूद थे।





# उपवास की तपस्या पर वरघोडा निकाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री राजेन्द्र जयंत जैन धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट गुमाश्ता नगर के ट्रस्टी जयंतीलाल वैद के मासक्षमण 31 उपवास की तपस्या की पूर्णाहुति पर वरघोड़ा निवास स्थल से प्रारंभ होकर श्री सिमंधर स्वामी मंदिर गुमाश्ता नगर पहुँचा जहां उनका बहुमान किया गया। ट्रस्टी एवं श्रावक ,श्राविकाए उपस्थित थे।





# युगपुरुष धाम पर सम्मान आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया स्थित युगपुरुष धाम समिति द्वारा आयोजित समारोह में दिव्यांग बच्चों के ऐसे अभिभावकों का सम्मान किया गया,जो पिछले कई वर्षों से अपने दिव्यांग बच्चों के साथ ही माता-पिता और सास-ससुर की सेवा भी पूरे समर्पण भाव से कर रहे हैं। ज्योति-प्रतीक श्रीवास्तव, रूपकुमारी-मनोहरलाल अजमेरा, ललिता-अशोक मालू, सुषमा-प्रकाशचंद्र त्रिवेदी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। तुलसी शादीजा, जाह्नवी-पवन ठाकुर, प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. अनुजा त्रिपाठी, डॉ. अंकुर अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# 7 नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना अन्य मंदिरों में होगी





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर पर पूरे सावन माह 30 दिनों तक बिल्व पत्र अर्पण का आयोजन चलता रहा। 24 घंटे बिल्व पत्र अर्पण किए गए। प्राचीन भूतेश्वर महादेव शिवलिंग के साथ इस अनुष्ठान के लिए 7 नर्मदेश्वर शिवलिंग बनाए गए थे जो अब आसपास के सात मंदिरों में स्थापना के लिए भक्तों द्वारा चाहे गए हैं। संकल्प पूर्ति के पश्चात ये सातों शिवलिंग सम्बन्धित मंदिर निर्माणकर्ताओं को सौंप दिए जाएँगे। देश में पहली बार इंदौर में भूतेश्वर महादेव पर इस तरह का अनुष्ठान आयोजित किया गया।



# महिलाओं के लिए योग शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केंद्र के तत्वावधान में स्कीम 78, विजय नगर स्थित स्कूल पर केवल महिलाओं के लिए दो दिवसीय सांध्य कालीन योग शिविर का शुभारंभ योगाचार्य मनोज गर्ग के सानिध्य में हुआ। किशोर गोयल, पल्लवी पाध्ये, आशा बी. जैन, रूमी गुप्ता, साक्षी जैन, पिंकी, सविता ठाकुर, रमेश बंसल, ताराचंद झालानी सहित अन्य मौजूद थे।

# स्कूल में पौधारोपण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय उर्दू स्कूल चंदन नगर में पौधारोपण किया गया। अर्जुमंद कुरैशी, शिक्षक साजिद अली, आयशा सुल्ताना, नजमा कुरैशी व स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।



# वाओ ग्रुप ने किया आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वाओ वर्ल्ड ऑफ विमेन द्वारा महू कैंट में भारतीय सेना के वीर जवानों एवं आर्मी कैडेट्स के साथ विशेष रक्षाबंधन समारोह आयोजित किया गया। आर्मी कैडेट्स की कलाई पर राखी बांधी गई। सुरुचि मल्होत्रा ने बताया कि वाओ ग्रुप की ओर से लेफ्टिनेंट कर्नल प्रवीण बाग्शी, ब्रिगेडियर बाला, कर्नल अहलावत एवं लेफ्टिनेंट कर्नल वृत्ति शर्मा का सम्मान किया गया। दीप्ति सिंह हाड़ा, सजनीत कौर सिद्धू, संजना हिंदुजा, नताशा जोशी, यति अरोरा, रिम्पी कुकरेजा सहित अन्य उपस्थित रहीं।







# लायंस क्लब सदस्यों ने की आउटडोर मीटिंग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

लायंस क्लब ऑफ़ इन्दौर कॉसमॉस द्वारा सेवा गतिविधि के अंतर्गत स्कूल में छोटे बच्चों के लिए बैगलेस क्लास की व्यवस्था को सुविधाजनक बनाने हेतु बैग रखने के लिए 4 अलमारियाँ प्रदान की गईं। आउटडोर मीटिंग उज्जैन रोड तराना में हुई। निशांत ओबेराय, कमलेश मालवीय, संजय गुप्ता, विक्रांत सहित अन्य मौजूद थे।

# 7 सितंबर से राज्य सेवा मैंस 12 जिलों में होगी, ऑब्जर्वर तैनात होंगे

**इंदौर।** एमपी पीएससी की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2026 अगले माह 7 सितंबर से शुरू होगी। यह 6 दिन तक चलेगी। परिणाम भी 30 दिन बाद आएंगे। इंटरव्यू इसी साल होंगें। उससे पहले राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 के इंटरव्यू होंगे, लेकिन चयन सूची दोनों की इसी साल आएगी।

## इसी साल दोनों राज्य सेवा की चयन सूची आएगी, इसके साथ ही बैकअप होगा खत्म

### क्या फायदा होगा अभ्यर्थियों को

राज्य सेवा परीक्षाओं का पूरा बैकअप खत्म हो जाएगा। 31 दिसंबर तक एक भी राज्य सेवा परीक्षा की सिलेक्शन लिस्ट पेंडिंग नहीं रहेगी। अरसे बाद ऐसा पहली बार होने जा रहा है। 2019 से लेकर अब तक जितनी भी चयन सूची जारी हुई, सभी दो साल देरी से आईं। सिर्फ 2024 की चयन सूची में लगभग सालभर की देरी हुई, जबकि 2019 की चयन सूची रिकॉर्ड चार साल देरी से आई थी। इससे जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने के कारण यह स्थिति बनी थी।

फिलहाल पीएससी अगस्त में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 कर चुका है तथा सितंबर में राज्य सेवा परीक्षा-2025 आयोजित



कर रहा है। रिजल्ट 30 से 35 दिन में घोषित होंगे। तैयारी है कि उसके बाद पीएससी नवंबर व दिसंबर में इंटरव्यू करवाएगा। 31 दिसंबर से पहले चयन सूची भी जारी हो जाएगी।

### 2025 में सवा साल की देरी

2025 की राज्य सेवा परीक्षा की जो चयन सूची उसी साल सितंबर अंत तक जारी होना थी, वह इस साल नवंबर में आएगी। क्योंकि 9 से 14 जून तक मेंस होना थी। रिजल्ट जुलाई अंत में और सितंबर में इंटरव्यू होकर उसी माह के अंत में सूची आना थी। इधर, हाल ही में जून में 2025 की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा से हाई कोर्ट ने पिछले माह रोक हटा दी थी। उसके बाद पीएससी ने अगस्त में परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया। एक माह में रिजल्ट घोषित कर अक्टूबर तक इंटरव्यू की तैयारी है। वहीं, 2026 की राज्य सेवा प्री परीक्षा का परिणाम भी समय पर घोषित कर दिया गया। अब सितंबर में मुख्य परीक्षा होने जा रही है, अक्टूबर अंत तक रिजल्ट आएगा।

### पद घट रहे लगातार

अभ्यर्थियों की चिंता पदों की घटती संख्या को लेकर अभी भी है, क्योंकि राज्य सेवा के पद लगातार घट रहे हैं। 2019 के बाद सिर्फ एक ही बार हुआ जब 300 से अधिक पद दिए गए। 2020 से 2026 तक कुल सात बार राज्य सेवा परीक्षा की वैकेंसी आई, लेकिन इनमें से सिर्फ एक बार 2022 में राज्य सेवा में 457 पद दिए गए। उसके अलावा हर बार 300 से कम पद रहे। इन तीन साल में तो संख्या 200 के भी नीचे रही।

# मालवीय नगर से एलआईजी लिंकरोड निर्माण कार्य की कछुआ चाल से परेशानी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विधानसभा दो के अंतर्गत आने वाले मालवीय नगर बर्फानी धाम क्षेत्र से एलआईजी लिंक रोड से जुड़ने वाली मास्टर प्लान की लगभग 100 फीट चौड़ाई में बन रही मुख्य सड़क निर्माण कार्य के लंबे समय से धीमी रफ्तार से क्षेत्र के रहवासियों को भारी परेशानी हो रही है।

हालत यह है कि पिछले साल नवंबर 2025 में मास्टर प्लान की इस सड़क के लिए निगम द्वारा तोड़फोड़ कर सबसे पहले इस सड़क के चौड़ीकरण और निर्माण का काम शुरू करने के बावजूद अभी तक एक साइड में महज 11 फीट चौड़ी एक पट्टी में बमुश्किल सड़क बनकर तैयार हो पाई है। जबकि दूसरी तरफ के हिस्से में अभी तक खुदाई के साथ ड्रेनेज और स्ट्रार्म वाटर लाइन डालने का काम ही चल रहा है। जिसके कारण क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों के साथ यहां से रात - दिन गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों को भी इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यहां चौड़ीकरण और निर्माण कार्य चार माह पहले फरवरी से शुरू हो गया था। जिसके बाद भी अभी तक आधी अधूरी सड़क ही बन पाई। कुछ हिस्से में दो पट्टी में सड़क बन गई तो कुछ जगह अभी खुदाई कर ड्रेनेज लाइन डालने का काम ही चल रहा है।

बड़ी बात यह है कि मास्टर प्लान की यह सड़क 80 से 100 फीट चौड़ाई में बनाने के हिसाब से तोड़फोड़ की गई थी। वर्तमान में उस हिसाब से ही सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके हिसाब से अभी तक केवल एक साइड में करीब 11 फीट चौड़ाई में लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर के आसपास सड़क बनकर तैयार हो चुकी है। जबकि इतनी चौड़ाई में अभी चार लाइन में और



सड़क बनना बाकी है। यही नहीं दोनों तरफ 8 - 8 फीट के फुटपाथ भी बनाए जाएंगे। लेकिन काम की धीमी रफ्तार से लग रहा है कि इस दिवाली तक भी काम पूरा नहीं हो पाएगा। क्योंकि अब तक महज आधे हिस्से में लाइन डालने का काम पूरा हो पाया। जबकि खुदाई से यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ रहवासियों को भी लंबे समय से परेशानी हो रही है। राहत की बात यह है कि हाल ही में निगम द्वारा निर्माण कार्य के चलते जगह-जगह खुदाई के कारण अंधेरे की वजह से किसी प्रकार की दुर्घटना या हादसा ना हो। इसके लिए नए बिजली के खंबे लगाकर उन पर लगभग 50 के आसपास नई एलइडी लाइटिंग लगा दी है। जिससे अब बर्फानी धाम मालवीय नगर से एलआईजी लिंक रोड वाली इस मास्टर प्लान की सड़क में रोशनी नजर आने लगी है। जिससे रहवासियों में खुशी जरूर है, लेकिन सड़क के अधूरे काम के कारण लोगों के मकान और एलिवेशन टूटने के बाद लोग दोबारा मकान भी नहीं बना पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है जिसके कारण दोबारा मकान बनाने का काम कई लोग शुरू नहीं कर पा रहे हैं। इधर निर्माण एजेंसी के ठेकेदार और सड़क निर्माण से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जहां साइट क्लियर मिलती जा रही है, वहां लाइन डालने के साथ सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है।

# प्रस्तावित आदर्श गार्डन नंबर 1 में होगी आकर्षक प्रकाश व्यवस्था

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जोन क्रमांक 11 के अंतर्गत पॉश कॉलोनी कंचन बाग में प्रस्तावित आदर्श गार्डन बगीचे में बेहद जल्द निगम द्वारा रोशनी के लिए डिजाइनर इलेक्ट्रिक पोल पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था करने की तैयारी है। जिससे नवीन गार्डन में निगम लाखों रुपए खर्च कर संपूर्ण बगीचे में नई लाइटिंग लगाकर जगमगाहट करेगा। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई है। इसके अलावा इस नवीन प्रस्तावित आदर्श गार्डन को आदर्श बनाने के लिए निगम द्वारा कई प्रस्तावित सौंदर्यकरण और सजाने - संवारने के अन्य कार्य भी किए जाएंगे। खास बात यह है कि कंचन बाग स्थित पुराने बगीचे को आदर्श बगीचा बनाने के लिए निगम द्वारा सौंदर्य करण की योजना के अंतर्गत बगीचे में आकर्षण लाइटिंग लगाकर प्रकाश व्यवस्था करने के साथ



यहां आने जाने वाले लोगों के लिए शानदार बैठक व्यवस्था भी की जाएगी जिसके लिए यहां आकर्षक डिजाइनर रंगीन बेंच लगेंगी। साथ ही बगीचे में घूमने आने वाले सीनियर सिटीजन के लिए विशेष रूप से छत वाले झूले लगेंगे जिसमें क्षेत्र के बुजुर्ग और सीनियर सिटिजन सुबह और शाम आराम से बैठकर झूले-झूलने के साथ बारिश के दिनों में भी यहां आराम से बैठ सकेंगे। इसके अलावा सजाने संवारने के अंतर्गत यहां एक से बढ़कर एक आकर्षक पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे जो गार्डन की शोभा बढ़ाएंगे।

सिटी ब्लास्ट की खबर का असर



## अवंतिका गैस एजेंसी ने शुरू किया फुटपाथ सुधार कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रेसीडेंसी क्षेत्र में रेडियो कॉलोनी गेट से लेकर रेसीडेंसी सर्किट हाउस तक के बड़े हिस्से में कलेक्टर - कमिश्नर के बंगलों के सामने वाले रोड़ पर पिछले दिनों अवंतिका गैस एजेंसी द्वारा खुदाई कर लाइन डालने का काम किया जा रहा था। लेकिन काम पूरा होने के बाद लंबे समय तक जब फुटपाथ से ब्लॉक उखाड़ कर जगह-जगह गड्ढे करके काम अधूरा छोड़ दिया गया था। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा लगातार शिकायत करने पर भी कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे। इस मामले में रहवासियों की शिकायत पर सिटी ब्लास्ट ने लोगों की समस्या और परेशानी को ध्यान में रखते हुए प्रमुखता के साथ अपने अखबार में पिछले दिनों समाचार प्रकाशित किए गए। इसके बाद अवंतिका गैस एजेंसी कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी हरकत में आए और अब रेसीडेंसी क्षेत्र के रेडियो कॉलोनी के गेट से लेकर रेसीडेंसी सर्किट हाउस तक के बड़े हिस्से में फुटपाथ रेस्टोरेशन का कार्य शुरू करवा दिया गया है। जिसके तहत अब लंबे समय से जगह -जगह से खोदे गए फुटपाथ को सुधार कर उन पर पुनः ब्लॉक लगाने का काम किया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों ने खुशी जताई है। साथ ही रहवासी मनोज जोशी, विनीत जोशी, संजय रायकवार, मोंटी सोनोने, गोपाल पुरोहित ने संध्या दैनिक सिटी ब्लास्ट द्वारा समाचार प्रकाशित कर जन समस्या के मुद्दे पर आमजन की शिकायत की आवाज़ को अपने अखबार में स्थान देकर समस्या का समाधान करवाया जिसको लेकर लोगों द्वारा सिटी ब्लास्ट को धन्यवाद दिया गया।

# शहर के एकमात्र सेंट्रल म्यूजियम में करोड़ों खर्चकर हो रहे संवारने के काम

**इंदौर।** इंदौर शहर में नवलखा क्षेत्र में चिड़ियाघर के पास स्थित पुरातत्व विभाग की ऐतिहासिक धरोहर 100 साल से ज्यादा पुराने संग्रहालय सेंट्रल म्यूजियम में करोड़ों रुपए खर्चकर सालों बाद भीतर से लेकर बाहरी परिसर तक में नवीन प्रतिमाएं स्थापना के साथ सम्पूर्ण सौंदर्यकरण और सजाने-संवारने के कई काम एक साथ किए जा रहें है। जिसके तहत इंदौर के केंद्रीय संग्रहालय (सेंट्रल म्यूजियम) को सजाने-संवारने के लिए लंबे समय बाद बाहरी हिस्से में भी सालों पुरानी प्रतिमा हटाकर इनकी जगह कुछ नई प्रतिमाएं और ऐतिहासिक धरोहर वाली प्रतिमाएं लगाई जा रही है। वॉटर प्रूफ शेड भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा अब पार्किंग के

## संग्रहालय के भीतर से लेकर अब बाहरी हिस्से में भी सालों बाद सौंदर्यकरण कार्य

लिए भी नवीन वॉटर प्रूफ शेड का निर्माण भी किया जा रहा है। वहीं बड़ी बात यह है कि पुरातत्व विभाग द्वारा जिस तरह से लालबाग को करोड़ों खर्चकर संवारने का काम किया जा रहा है उसी तरह चिड़ियाघर के पास स्थित केंद्रीय संग्रहालय के सौंदर्यकरण का काम भी इन दिनों तेजी के साथ करवाया जा रहा है। जिसके तहत रात में भी बाहरी परिसर के हिस्से में तेजी से काम हो रहा है, जिसके तहत 100 साल से ज्यादा पुराने केंद्रीय संग्रहालय के भीतर के विकास के साथ अब विभाग करोड़ों रुपए खर्चकर बाहरी सौंदर्यकरण के कार्यों को लेकर भी सालों बाद



अब कई काम एक साथ कर रहा है। जिसके तहत सबसे पहले प्रबंधन द्वारा बाहरी सुरक्षा बाउंड्रीवॉल तोड़कर नई बनाने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा अब यहां के सालों पुराने मुख्य प्रवेश द्वार को तोड़कर भी जल्द इसकी जगह नया भव्य आकर्षक डिजाइन वाला लम्बा-चौड़ा नवीन प्रवेश द्वार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। साथ ही करोड़ों रुपए खर्च कर भीतर से लेकर बाहर तक सालों पुराने संग्रहालय में अब सब कुछ नया नजर आएगा। जिसको लेकर सुरक्षा बाउंड्रीवाल निर्माण से लेकर बाहर पार्किंग के लिए शेड निर्माण और बाहरी सौंदर्य करण के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे है।

गौरतलब है कि पुरातत्व विभाग द्वारा केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा प्रस्तावित बजट के अनुसार करोड़ों रुपए की लागत से जहां एक तरफ लालबाग को संवारा जा रहा है। वहीं अब सेंट्रल म्यूजियम यानी केंद्रीय संग्रहालय को भी भीतर से लेकर बाहर तक सजाने-संवारने को लेकर तेजी के साथ काम किया जा रहा है। जिसके तहत पहले चरण में जहां पिछले साल भीतर के हिस्से को सजाने-संवारने के साथ सालों पुरानी गैलरी में भी बदलाव किया गया था। साथ ही रंगाई-पुताई के साथ सौंदर्यकरण को लेकर अन्य काम भी किए गए थे। वहीं अब संग्रहालय में दूसरे चरण में बाहर से लेकर भीतर तक के सौंदर्यकरण और विकास के अन्य कार्य किए जा रहे है।

योजना के मुताबिक बाहरी एंट्री गेट को तोड़कर नया भव्य आकर्षक दिखने वाला डिजाइनर प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। जिस पर रोशनी के लिए आकर्षक दिखने वाली लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिससे रात में भी एंट्री गेट चमकता हुआ नजर आएगा। इसके अलावा बाहरी हिस्से की चारों तरफ सुरक्षा बाउंड्री वॉल बनाने का काम भी इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। इसके अलावा केंद्रीय म्यूजियम में भीतर से लेकर बाहर तक अन्य सजाने-संवारने के साथ विकास के कई अन्य कार्य भी किए जाएंगे, जो आने वाले दिनों में दर्शकों को नजर आएंगे।

## संपादकीय

# मणिपुर में तीन साल से हिंसा का सिलसिला, सरकार आखिर क्यों नहीं निकाल पा रही स्थायी रास्ता?

मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के जिस मसले पर मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई थी, उसका समाधान निकालने को लेकर सरकार ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे राज्य में जारी तनाव को खत्म करने में मदद मिले। यह किसी भी राज्य सरकार के लिए एक बेहद असहज और शर्मिंदगी की स्थिति होनी चाहिए कि आखिर तीन साल से ज्यादा वक्त से वह वहां जारी हिंसा को थाम पाने में नाकाम क्यों है। मणिपुर में उग्रवादी समूहों की ओर से जिस तरह की हिंसक गतिविधियां लगातार जारी हैं, हर कुछ दिनों बाद हमले, आगजनी या हत्या की घटनाएं सामने आ जाती हैं, उससे यह साफ है कि सरकार हालात पर काबू पाने के मामले में लाचार है। हैरानी की बात यह है कि आए दिन हिंसा की तमाम घटनाएं अपनी प्रकृति में एक जैसी हैं और उससे निपटने के लिए सरकार के भीतर सिर्फ इच्छाशक्ति की जरूरत है, लेकिन यह समझना मुश्किल है कि आखिर किन वजहों से स्थिति पर काबू पाने को लेकर जरूरी संजीदगी नहीं दिखाई देती। जबकि इसका नतीजा यह है कि आए दिन वहां नाहक ही आम लोगों को जान गंवानी पड़ रही है। सवाल है कि इतने लंबे समय से जारी हिंसक घटनाएं आखिर किन वजहों से आज भी रोकी नहीं जा पा रही हैं? गौरतलब है कि मणिपुर के कांगपोकपी थाना क्षेत्र के तहत इंफाल-तामेई आईटी मार्ग पर स्थित बस्ती में गुरुवार की सुबह कुछ हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें चार लोगों की जान चली गई। मारे गए लोग नगा समुदाय से थे। वहां सुरक्षा व्यवस्था की जो स्थिति थी, उसके मुताबिक नगा समुदाय के लोगों ने स्वाभाविक ही यह आरोप लगाया कि सरकार ने एक तरह से उग्रवादी संगठनों को खुली छूट दे रखी है और हिंसा की घटनाएं सुनियोजित हैं। सरकार पर ऐसे आरोप पहले भी अन्य समुदायों की ओर से लगाए जा चुके हैं। यह एक तरह से पीड़ित समूहों की ओर से सरकार को सीधे-सीधे कठघरे में खड़ा करना है। इस घटना के कुछ ही दिन पहले सेनापति जिले में उग्रवादियों ने कई घरों में आग लगा दी थी। न केवल पिछले कुछ दिनों से हिंसक घटनाओं में आई तेजी के मद्देनजर, बल्कि राज्य में इस समस्या की शुरुआत से ही सरकार का जो रवैया रहा है, उसे देखते हुए यह सवाल लाजिमी है कि वहां आज भी निर्दोष लोगों की हत्याओं से लेकर स्थानीय आबादी के घरों को जलाने या अन्य बेलगाम हमलों के जारी रहने के आखिर क्या कारण हैं। यह साफ है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के जिस मसले पर मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई थी, उसका समाधान निकालने को लेकर सरकार ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे राज्य में जारी तनाव को खत्म करने में मदद मिले। वहां जारी हिंसा में अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, करीब ग्यारह सौ लोग घायल हुए और कई हजार को विस्थापित होना पड़ा। सुरक्षा बलों के सहारे अराजकता पर काबू पाने की कोशिशें की गईं, लेकिन वे अस्थायी उपचार ही साबित हुईं। उल्टे अब तनाव का दायरा फैल चुका है और अलग-अलग समुदायों के हित से जुड़े प्रश्न भी मुखर हो रहे हैं। यह समझना मुश्किल है कि कुकी-जो, मैतेई और नगा समुदायों को एक साथ संवाद के मंच पर लाने और एक ठोस समाधान तक पहुंचने में आखिर सरकार के सामने किस तरह की बाधा पेश आ रही है। क्या सरकार को इस बात का एहसास है कि इतने लंबे समय से अगर राज्य में एक ही तरह के हालात बने हुए हैं, तो इससे उसकी शासन क्षमता को लेकर कैसी छवि बन रही है?

# शराबी भाई ने हथौड़ी से हमला कर तोड़े दांत, केस दर्ज

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान शराब के नशे में पत्नी के साथ झगड़ा कर रहे बड़े भाई को जब छोटा भाई समझाने पहुंचा, तो आरोपी आपा खो बैठा। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए अपने छोटे भाई पर हथौड़ी से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर और मुंह में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी भैय्या उर्फ योगेश पिता कृष्णा पाटिल निवासी ग्राम माचला ने तेजाजी नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई अन्ना पाटिल शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी के साथ विवाद और झगड़ा कर रहा था। घर में हो रहे कलेश को शांत कराने और बड़े भाई को समझाने की नीयत से योगेश उसके पास गया और झगड़ा न करने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर आरोपी अन्ना पाटिल अपने छोटे भाई से ही उलझ गया और गालियां देने लगा। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी अन्ना ने पास में रखी हथौड़ी उठाई और योगेश पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने हथौड़ी से भाई के सिर के पिछले हिस्से और मुंह पर वार किया, जिससे उसके दांत टूट गए और गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपी अन्ना पाटिल ने धमकी दी कि आज के बाद अगर मेरे झगड़े के बीच में आया तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम जाखिया स्थित एक बंद मकान पर धावा बोलते हुए चोरों ने मकान का ताला तोड़कर भीतर रखी अलमारी के लॉकर से सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषण और दस हजार रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित गृहस्वामी की शिकायत पर बाणगंगा थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी कमलसिंह पिता नाथुराम केमखुरिया निवासी प्रीमियम पैराडाइज, ग्राम जाखिया ने थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपी ने उनके मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी के लॉकर का ताला चटकाकर उसमें रखे 4 चांदी की चूड़ी, 2 चांदी के कड़े, 3 चांदी की चेन, 1 सोने की नथ, 1 जोड़ चांदी की बिछिया, 1 जोड़ सोने की बाली, 4 नग चांदी की पायल, 1 जोड़ सोने के टॉप्स और 10,000 रुपये नकदी चुराकर ले गया। घर लौटने पर जब फरियादी ने ताला टूटा देखा और अलमारी का सामान बिखरा पाया, तो चोरी की वारदात का पता चला। फरियादी की रिपोर्ट पर बाणगंगा थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# क्रेडिट कार्ड रिन्यू कराने और टास्क के बहाने साइबर ठगी

**इंदौर।** देहात क्षेत्र के गौतमपुरा और शिप्रा थाना इलाकों में शातिर साइबर ठगों ने तीन अलग-अलग लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपये समेट लिए। किसी से क्रेडिट कार्ड रिन्यू कराने के नाम पर तो किसी का मोबाइल हैक कर और टेलीग्राम पर फर्जी निवेश का झांसा देकर कुल 2 लाख 9 हजार रुपये से अधिक की ऑनलाइन चपत लगाई गई है।

गौतमपुरा थानाक्षेत्र में ग्राम रुणजी चौपाटी निवासी राहुल पंड्या को अज्ञात जालसाज ने कॉल कर खुद को क्रेडिट कार्ड प्रतिनिधि बताया। आरोपी ने कार्ड रिन्यू करने का झांसा देकर झांसे में लिया और फरियादी के खाते से 72,510 रुपये अपने फर्जी बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए।इसी तरह शिप्रा थाना क्षेत्र के मांगलिया लवकुश कॉलोनी निवासी अतुल बाजपेयी का मोबाइल अचानक हैंग हो गया। फोन रिस्टार्ट होने के बाद जब बैंक का मैसेज आया, तो उनके होश उड़ गए। अज्ञात ठग ने मोबाइल में सेंध लगाकर खाते से 73,497 रुपये उड़ा दिए थे। शिप्रा थाना क्षेत्र में ही ग्राम टोड़ी निवासी कप्तान सिंह को जालसाजों ने टेलीग्राम ऐप पर बिजनेस में मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में 63,740 रुपये ट्रांसफर कर दिए। न रकम वापस मिली और न ही कोई मुनाफा, जिसके बाद ठगी का अहसास हुआ। तीनों ही मामलों में संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

## वितरण केंद्र, सब स्टेशन का किया निरीक्षण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने देपालपुर बिजली संभाग के हातोद वितरण केंद्र, हातोद 33/11केवी सब स्टेशन का निरीक्षण किया। ग्रिड में स्थापित पावर ट्रांसफार्मर पर क्षमता अनुरूप भार रखने , कैपेसिटर बैंक को हेल्दी रखने,रिकॉर्ड मैंटेन करने, लोक सेवा गारंटी अंतर्गत लंबित आवेदन का समय सीमा में निराकरण करने, सीएम हेल्पलाइन शिकायत का सकारात्मक निराकरण, रेवेन्यू टारगेट पूर्ण करने, सिंचाई पंप लोड वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए।

# मुकेश पर संगीत संध्या




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गायक मुकेश को संस्था स्वरम ने याद कर उनसे संबंधित गीतों की प्रस्तुति संगीत संध्या कार्यक्रम में दी। नवीन श्रीवास्तव, संजय चित्रकार, राकेश उपाध्याय, हर्ष मिठास, रिया श्रीवास्तव, अल्पना आर्य ने गीतों की प्रस्तुति दी। पिन्टू कसेरा, सुमित्रा जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।

# बरखा ऋतु आई शास्त्रीय संगीत



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य की मनभावन संध्या 'बरखा ऋतु आई' का कार्यक्रम अभिनव कला समाज में सजा। शास्त्रीय गायक सुनील मसूरकर, दिलीप मूंगी, दामिनी दमके, डॉ. पूर्वी निमगांवकर ने प्रस्तुतियां दी। फाल्गुनी जोशी ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। संगत हितेन्द्र दीक्षित, बालकृष्ण सनेचा, रोहित अग्निहोत्री ने की। विजय गावड़े, बंदू खान, प्रकाश खानवीलकर, डॉ. किशोर काले ने प्रस्तुतियां दीं। प्रवीण खारीवाल, सत्यकाम शास्त्री, कमल कस्तूरी, पंकज क्षीरसागर, बंसीलाल लालवानी, अन्नू शर्मा, अनिल धड़वइवाले, सोनाली यादव, जावेद खान ने स्वागत किया।

# होटल के कमरे की दूसरी चाबी देने पर विवाद

## कर्मचारी ने ग्राहक के सिर पर हथौड़ी से किया वार, केस दर्ज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित होटल राणा पैलेस में कमरे की सुरक्षा और दूसरी चाबी देने की बात पर विवाद के दौरान हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्राहक द्वारा बिना पूछे कमरे की दूसरी चाबी एजेंट को देने पर सवाल उठाने से नाराज होटल कर्मचारी ने गालियां देते हुए काउंटर से हथौड़ी निकालकर ग्राहक के सिर पर मार दी।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी दीपक पिता मोहनलाल प्रजापत निवासी भगवंती नगर, देवास ने भंवरकुआं थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित होटल राणा पैलेस में रुकने के लिए एक कमरा बुक किया था और कमरे का दरवाजा लॉक कर अपनी पत्नी को लेने बाणगंगा चला गया था। जब वह पत्नी को लेकर वापस होटल पहुंचा, तो उसने देखा कि उसके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। इस पर पीड़ित ने होटल के कर्मचारी अमन पिता भागीरथ निवासी खंडवा रोड, लिंबोदी से पूछा कि जब वह कमरा लॉक करके गया था तो दरवाजा कैसे खुला। कर्मचारी अमन ने बताया कि उसने कमरे की दूसरी चाबी फरियादी के साथ आए एजेंट को दी थी। जब फरियादी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वह तो होटल का एजेंट है, तो उससे बिना पूछे कमरे की चाबी क्यों दी गई, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। बहस बढ़ते ही आरोपी अमन भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए काउंटर से लोहे की हथौड़ी उठा लाया। आरोपी ने फरियादी के सिर पर हथौड़ी से सीधा वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। फरियादी की पत्नी ने तुरंत बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। जाते-जाते आरोपी अमन ने धमकी दी कि आज तो बच गया, आइंदा मिला तो जान से खत्म कर दूंगा।

# इंदौर के पहले एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशन को हुए 60 वर्ष

## मालवा के विकास का साक्षी 132 केवी पोलोग्राउंड सबस्टेशन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर में जब औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं आकार ले रही थीं, तब 30 अगस्त 1966 को ऊर्जीकृत हुआ 132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशन शहर की ऊर्जा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बना। छह दशक बाद भी यह सबस्टेशन इंदौर महानगर को विश्वसनीय विद्युत पारेषण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अपने 60 वर्ष पूरे करने जा रहा यह सबस्टेशन मालवा क्षेत्र के औद्योगिक और शहरी विकास का एक महत्वपूर्ण साक्षी रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर ने कहा कि 132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) सबस्टेशन इंदौर की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इसने औद्योगिक विस्तार, आर्थिक गतिविधियों और शहरी विकास को आवश्यक ऊर्जा आधार उपलब्ध कराया है। अनेक पीढ़ियों के अभियंताओं और कर्मचारियों के योगदान से यह सबस्टेशन छह दशकों से प्रदेश की पारेषण व्यवस्था को सुदृढ़ बना रहा है।

### मालवा के औद्योगिक विकास को दी गति

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) का यह सबस्टेशन प्रदेश के सबसे पुराने एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशनों में शामिल है। मालवा क्षेत्र में यह दूसरा तथा मध्यप्रदेश का पांचवां सबसे पुराना एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशन माना जाता है। वर्ष 1966 में स्थापित इस केंद्र ने इंदौर में उच्च गुणवत्ता वाली पारेषण व्यवस्था उपलब्ध कराकर औद्योगिक विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान की। उस समय इंदौर सूती वस्त्रों के निर्माता के रूप में जाना जाता था। भारत का मैनचेस्टर कहे जाने वाले इस शहर में चंबल सबस्टेशन से ही विभिन्न काटन मिलों के लिए बिजली जाती थी। पिछले छह दशकों में इंदौर ने एक प्रमुख व्यापारिक नगर से आधुनिक महानगर तक का सफर तय किया है। औद्योगिक क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवासीय क्षेत्रों के विस्तार के साथ विद्युत मांग में लगातार वृद्धि हुई। इस अवधि में पोलोग्राउंड (चंबल) सबस्टेशन शहर की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने वाले प्रमुख पारेषण केंद्रों में शामिल रहा है।



### समय के साथ बदलता गया स्वरूप

समय के साथ यहां स्थापित उपकरणों, नियंत्रण एवं सुरक्षा प्रणालियों तथा पारेषण व्यवस्थाओं का निरंतर उन्नयन किया गया। आधुनिक मॉनिटरिंग और संरक्षण प्रणालियों को अपनाते हुए इस ऐतिहासिक सबस्टेशन को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जाता रहा है। हाल के वर्षों में परिसर में 33 केवी फीडरों के क्रॉसिंग नेटवर्क को भूमिगत केबल प्रणाली में परिवर्तित करने जैसे कार्य भी किए गए हैं, जिससे प्रणाली की विश्वसनीयता और सुरक्षा में वृद्धि हुई है। 10 एमवीए क्षमता के साथ शुरू हुए इस सब स्टेशन में वर्तमान में तीन पावर ट्रांसफार्मर है और इसकी क्षमता 176 एमवीए की है। 1966 में एक औद्योगिक और एक घरेलू क्षेत्र को दो 33 केवी फीडरों के साथ विद्युत आपूर्ति शुरू करने वाले इस ऐतिहासिक सबस्टेशन मे अब 33 केवी के 16 फीडर हो गए हैं।

### सतत मॉनिटरिंग और प्रीवेंटिव मेंटनेंस रहे सफलता के प्रमुख कारक

पूर्व के विद्युत मंडल और वर्तमान में एमपी ट्रांसको के अभियंताओं और तकनीकी कर्मचारियों द्वारा नियमित परीक्षण, प्रिवेंटिव मेंटेनेंस तथा सुरक्षा मानकों के पालन के कारण यह सबस्टेशन छह दशक बाद भी प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। बढ़ती विद्युत मांग और बदलती तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप यहां निरंतर सुधार एवं आधुनिकीकरण कार्य किए जाते रहे हैं।

### मालवा का दूसरा और प्रदेश का पांचवां सबसे पुराना सबस्टेशन

132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) सबस्टेशन मालवा क्षेत्र का दूसरा तथा मध्यप्रदेश का पांचवां सबसे पुराना एक्स्ट्रा हाईटेंशन सबस्टेशन है। प्रदेश का सबसे पुराना 132 केवी ज्योति नगर सबस्टेशन उज्जैन में नवंबर 1960 में प्रारंभ हुआ था। इसके बाद 132 केवी कटनी सबस्टेशन फरवरी 1965, 132 केवी मोतीझील सबस्टेशन मार्च 1965, 132 केवी सतना सबस्टेशन जून 1965 तथा 132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) सबस्टेशन 30 अगस्त 1966 को ऊर्जीकृत हुआ।

### जापान से समुद्र के रास्ते आया था पहला पावर ट्रांसफार्मर

132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) सबस्टेशन में स्थापित किया गया पहला 10 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर जापान की हिताची कंपनी द्वारा निर्मित था। लगभग 25 टन वजनी यह ट्रांसफार्मर समुद्री मार्ग से तत्कालीन बम्बई (वर्तमान मुंबई) पहुंचा और वहां से सड़क मार्ग द्वारा इंदौर लाया गया। वर्ष 1962 में सबस्टेशन के निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद इसका ऑर्डर दिया गया था। इसी अवधि में मोरवा और इटारसी सबस्टेशन के लिए भी हिताची कंपनी से ट्रांसफार्मर मंगाए गए थे। 30 अगस्त 1966 को इसी ट्रांसफार्मर के माध्यम से इंदौर में अतिउच्च दाब विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का नया अध्याय प्रारंभ हुआ।

### चंबल नाम कैसे पड़ा

इस सबस्टेशन का नाम चंबल इसलिए रखा गया क्योंकि प्रारंभिक दौर में यहां विद्युत आपूर्ति चंबल नदी पर बने गांधीसागर बांध से लाई गई थी। उस समय उज्जैन, इंदौर और भोपाल में स्थापित 132 केवी सबस्टेशनों को भी चंबल नाम दिया गया था, क्योंकि इन क्षेत्रों को गांधीसागर परियोजना से उत्पादित विद्युत प्राप्त होती थी। एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि 60 वर्षों की यह उपलब्धि पूर्ववर्ती विद्युत मंडल और वर्तमान मे मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों और पूर्व कार्मिकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और निरंतर उन्नयन के माध्यम से यह सबस्टेशन भविष्य में भी इंदौर तथा मालवा क्षेत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।



# फिल्ड कैम्प में पहुंचे कमिश्नर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अन्तर्गत अधिकारियों को फिल्ड में जाकर जनता की बाते समस्याएं सुनना है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने अभियान के तहत कल 14 शिकायकर्ताओं को कैम्प में बुलाकर उनसे विस्तार में बातें की। कुछ का मौके पर ही समाधान कराया। कुछ मामलों का जांच और दूसरे पक्ष से बात कराना जरूरी है उस पर भी दिशा निर्देश दिए गए। दो शिकायतें ऐसी भी थी, जिनका समाधान पूर्व में हो चुका था।



# प्राचार्य बनी कश्यप का स्वागत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। देपालपुर के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल की प्रभारी प्राचार्य के रूप में अर्पणा कश्यप बनी और यहां से प्राचार्य सपना भदौरिया का तबादला देवास शासकीय स्कूल में हुआ। कश्यप के पदभार संभालने और भदौरिया के तबादला होने पर दोनों का सम्मान भी किया गया।



## साफ्टबॉल मैदान पर खिलाड़ियों ने मेजर ध्यानचंद को किया याद

इंदौर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चिमनबाग स्थित साफ्टबॉल मैदान पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए उनके खेल जीवन के प्रेरणादायक किस्से साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी रीना चौहान मौजूद रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि दादा के खेल जीवन को वे आत्मसात करें। आयोजन में जिला साफ्टबॉल संघ के राकेश मिश्रा, विक्रम अवार्डी सविता पारखे, पूजा पारखे, एकलव्य अवार्डी ज्योति पारखे, अंतरराष्ट्रीय मेडलिस्ट सोहेल खान और रवि ठाकुर ने शिरकत की। इस दौरान कोच प्रवीण दवे, सुबोध चौरसिया और राहुल ठाकुर सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी व खेलप्रेमी उपस्थित रहे। अतिथियों ने युवाओं को मेजर ध्यानचंद के आदर्शों पर चलने और खेल भावना को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# हॉकी के वंचित परिवारों और खिलाड़ियों के लिए जल्द खुलेगी ट्रस्ट के नेतृत्व में नई अकादमी

इंदौर। गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा शहर में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया, जिसमें खेल जगत के 18 वरिष्ठ एवं युवा खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट खेल सेवाओं के लिए सम्मानित कर कृतज्ञता ज्ञापित की गई। इस विशेष अवसर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई अहम घोषणाएं भी की गईं।

समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यनारायण पटेल ने घोषणा की कि जल्द ही सभी के सहयोग से एक ऐसी अकादमी का संचालन किया जाएगा, जिसका नेतृत्व गीता रामेश्वरम ट्रस्ट करेगा। उन्होंने कहा कि इस अकादमी के माध्यम से हॉकी के उन वंचित परिवारों और खिलाड़ियों की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिन्हें अमूमन उचित अवसर या स्थान नहीं मिल पाता है।

इस मौके पर खजराना गणपति मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में



सहकारिता नेता एवं वरिष्ठ राधेश्याम पटेल उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में विजय राठौर बंटी, अशोक यादव और देवकी नंदन सिलावट भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### ये थे सम्मानित होने वाले प्रमुख खिलाड़ी एवं खेल हस्तियां...

इस विशेष समारोह में खेल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 18 दिग्गजों और उभरते खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें आनंद यादव (हॉकी), नरेंद्र विल्सन (फुटबॉल), डॉ. रफीक खान (हॉकी), सरदार दर्शन सिंह (हॉकी), बद्री चौहान (फुटबॉल), कैलाश कौशल (एथलेटिक्स एवं फुटबॉल), के. सी. कपासिया (शूटिंग), मनोहर लक्ष्मण - पिता पद्मश्री शंकर लक्ष्मण (आर्म्स रेसलिंग), ओ. पी. संकत (हॉकी), अक्षत यादव (एनआईएस कोच), विवेक वर्मा (एनआईएस कोच), हर्षदीप कपूर (जूनियर इंडिया खिलाड़ी - हॉकी), शैलेंद्र वर्मा (एनआईएस कोच), प्रियंका यादव (भारतीय महिला हॉकी वर्ल्ड कप), महिमा सिसोदिया (राइफल शूटिंग - गोल्ड मेडल), राकेश जोशी (स्विंग कोच), राजेश मकवाने और डॉ. एस. पी. शर्मा (फुटबॉल) शामिल थे। समारोह के दौरान ताहिर हॉकी क्लब के सचिव किशोर शुक्ला को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# पहले मैच से ही एशिया कप का आगाज करेगी इंडियन वूमन टीम

**दुबई।** महिला एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच पांच सितंबर को होने वाले मुकाबले से पहले हैंडशेक प्रोटोकॉल को लेकर चर्चा तेज है। हालांकि, भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने फिलहाल इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि टीम का पूरा ध्यान एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने पर है।

आज थाईलैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमोल मजूमदार से भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हैंडशेक को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि टीम मैदान के अंदर और बाहर अनावश्यक चीजों पर ध्यान देने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने पर फोकस करती है। मजूमदार ने कहा, हम मैदान पर और मैदान के बाहर की चीजों पर ध्यान नहीं देते। हम उस दिन अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं। जब हम पाकिस्तान के खिलाफ वह मुकाबला खेलेंगे, तब इस बारे में बात करेंगे।

**थाईलैंड के खिलाफ होगा मैच**



फिलहाल हमारा ध्यान कल के मैच पर है। हम एक समय में एक ही मैच पर ध्यान दे रहे हैं।

**पांच सितंबर को भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत–** महिला एशिया कप में भारत को अपना पहला मुकाबला रविवार को थाईलैंड के खिलाफ खेलना है। इसके बाद पांच सितंबर को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। इसी मुकाबले को लेकर हैंडशेक प्रोटोकॉल का मुद्दा चर्चा में है।

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबलों में भारतीय टीम द्वारा हैंडशेक से दूरी बनाए रखने का सिलसिला सितंबर 2025 में पुरुष एशिया कप के दौरान शुरू हुआ था। इसके बाद भारत-पाकिस्तान के मुकाबलों में यह प्रोटोकॉल लगातार देखने को मिला है।

**हरमनप्रीत कौर ने भी नहीं दिया था स्पष्ट जवाब-** जून 2026 में बर्मिंघम में खेले गए महिला टी20 विश्व कप के भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भी हरमनप्रीत कौर की टीम ने पाकिस्तानी कप्तान और खिलाड़ियों के साथ हैंडशेक नहीं किया था। अब महिला एशिया कप से पहले जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर से पूछा गया कि पांच सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में हैंडशेक होगा या नहीं, तो उन्होंने भी इस पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया था।

**भारत की नजर आठवें एशिया कप खिताब पर–** `भारत महिला एशिया कप के इतिहास की सबसे सफल टीम है। भारतीय टीम अब तक सात बार एशिया कप का खिताब जीत चुकी है। ऐसे में टीम की नजर इस बार आठवीं ट्रॉफी पर होगी। हालांकि, कोच अमोल मजूमदार टूर्नामेंट के नतीजे को लेकर अभी से आगे की योजना बनाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि टीम का फोकस फिलहाल सिर्फ अपने अगले मुकाबले पर है। मजूमदार ने कहा, 'मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहता। हम एक समय में एक मैच पर ध्यान देंगे। हमारा पूरा फोकस कल के मुकाबले पर है।' भारत रविवार को थाईलैंड के खिलाफ अपने महिला एशिया कप अभियान की शुरुआत करेगा।

# श्रीलंका से लौटते ही फिटनेस टेस्ट दे रहे खिलाड़ी नए सीजन से पहले सख्ती

**बेंगलूरु।** श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की कड़ी सीरीज खत्म होने के महज 48 घंटे के भीतर भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को अनिवार्य फिटनेस टेस्ट के लिए बुलाया गया। शनिवार को भारत के कई केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर बेंगलूरू स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे और नए घरेलू सीजन से पहले अपनी फिटनेस परखी। भारतीय टीम के टेस्ट खिलाड़ियों ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार तीन दिन मैदान पर बिताए थे। इसके बावजूद कई प्रमुख खिलाड़ियों ने नए सीजन से पहले अपने फिटनेस पैरामीटर पूरे किए। आने वाला सीजन भारतीय खिलाड़ियों के लिए काफी व्यस्त रहने वाला है, जो आईपीएल 2027 तक करीब आठ महीने चलेगा।

**जडेजा, पंत और जायसवाल ने बहाया पसीना-** फिटनेस टेस्ट में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नजर आए।



इनके अलावा टी20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर, टी20 विशेषज्ञ रिंकू सिंह, संजू सैमसन और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ समेत कई अन्य खिलाड़ियों ने भी फिटनेस ड्रिल में हिस्सा लिया। **किन फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे खिलाड़ी?-** बीसीसीआई के अनिवार्य फिटनेस टेस्ट में कई तरह की शारीरिक और क्रिकेट से जुड़ी ड्रिल शामिल हैं। ब्रोंको टेस्ट, 2 किलोमीटर रन, यो-यो टेस्ट, रनिंग बिटवीन द विकेट्स, अन्य क्रिकेट स्पेसिफिक ड्रिल

**क्या है ब्रोंको टेस्ट?-**ब्रोंको टेस्ट में 0 मीटर, 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की दूरी पर कोन लगाए जाते हैं। खिलाड़ी बिना ब्रेक लिए 0 से 20 मीटर और वापस, फिर 40 मीटर और 60 मीटर तक दौड़ पूरी करते हैं। इस प्रक्रिया को पांच सेट में पूरा करना होता है। इस दौरान खिलाड़ियों को कुल 1200 मीटर की दूरी करीब साढ़े पांच मिनट में पूरी करनी होती है। वहीं, यो-यो टेस्ट का लंबे समय से निर्धारित मानक 16.5 रहा है। 2 किलोमीटर की दौड़ को 10 मिनट के भीतर पूरा करना होता है।

### पाकिस्तान पर मंडराया हार का खतरा

## इंग्लैंड की विशाल बढ़त, जो रूट ने पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़ रचा इतिहास

**लंदन।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल बारिश की वजह से जल्दी समाप्त घोषित कर दिया गया। हालांकि, खेल रुकने तक मेजबान इंग्लैंड की पकड़ मैच पर बेहद मजबूत हो चुकी है। पहली पारी में 290 रन बनाने के बाद इंग्लैंड ने पाकिस्तान को महज 110 रनों पर ढेर कर दिया था। तीसरे दिन स्टंप्स तक इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 177 रन बना लिए हैं और उनकी कुल बढ़त 357 रनों की हो चुकी है। पाकिस्तान की लचर स्थिति को देखते हुए चौथे या पांचवें दिन मुकाबले का परिणाम इंग्लैंड के पक्ष में आना तय माना जा रहा है।



इस मुकाबले के दौरान इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने अपने नाम एक महान कीर्तिमान दर्ज कर लिया। रूट अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अपने घरेलू मैदानों पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के 7,578 रनों के सर्वकालिक रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। रूट को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए महज 13 रनों की जरूरत थी। उन्होंने पहली पारी में 4 रन बनाए और दूसरी पारी में 24 रनों का योगदान देकर पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया।

## जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 7 सितंबर से

**इंदौर ।** जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में यशवंत क्लब चतुर्थ इंदौर जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा 7 से 11 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। स्पर्धा के मुकाबले यशवंत क्लब में खेलें जाएंगे। जानकारी देते हुए इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के सचिव नीलेश वेद ने बताया पुरुष तथा महिला एकल मुकाबलों के साथ ही यूथ अंडर-11,अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 के आयु वर्गो में बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले खेले जाएंगे। विजेता उपविजेताओं को आकर्षक इनाम राशि तथा ट्राफियां प्रदान की जाएगी। संचालन प्रशांत व्यास तथा नवीन सोनी करेंगें। इच्छुक खिलाडी प्रविष्टियां ऑनलाइन बेसिक स्पोर्टस एप्प पर 30 अगस्त से 4 सितंबर शाम 5 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।



# शहर के उभरते खिलाड़ियों को खेल सामग्री दी, प्रशिक्षकों ने सम्मानित किया

**इंदौर।** हॉकी इंदौर एसोसिएशन, खेल व युव कल्याण विभाग इंदौर, ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चिमनबाग मैदान पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद दादा की 121वीं जयंती खेल दिवस के रूप में खेल व युवा कल्याण विभाग इंदौर की जिला अधिकारी रीना चौहान की मुख्य अतिथि में मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉकी इंदौर के सचिव किशोर शुक्ला ने की, विशेष अतिथ व एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नजमुदीन खुर्शीद थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माला अर्पण की एवं शहर के उबरते हुए खिलाड़ियों को खेल सामग्री हॉकी, टी-शर्ट, वितरित की गई व हॉकी खेल को प्रदेश व शहर मे हॉकी के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डा एके दास, दीपक पटेरिया, मो इस्माईल अंसारी, शिवकुमार चौहान, बाबुल मजूमदार, डा मुख्तियार खान, मो शोएब अंसारी, एनआईएस कोच अतुल खुणे, नितिश गौड, गुलाम साबिर को शाल श्रीफल व ध्यानचंद अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जयेश व्यास,नवेद अंसारी, अभिषेक यादव, राजपाल सिंह, मानसिंह बारिया अनमोल शुक्ला, जगदीश भट्ट, सोनी साहू, अजय गहलोत आदि खिलाड़ीगण उपस्थित थे

# मेजर ध्यानचंद ने अपनी मेहनत से देश का नाम रोशन किया



**इंदौर।** हॉकी के जादूगर दादा ध्यानचंद की याद में देश खेल दिवस मनाता है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि दादा ध्यानचंद का प्रकाश क्लब से विशेष स्नेह रहा। उनके पुत्र और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अशोक ध्यानचंद भी यहां खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। दादा के साथ हॉकी खेले पद्मश्री किशन लाल और पद्मश्री शंकर लक्ष्मण भी क्लब से जुड़े रहे। यह समृद्धशाली विरासत हमें कड़ी मेहनत करने और भारतीय टीम की अपने खेल से सेवा करने के लिए प्रेरित करती है।

उक्त विचार खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और क्लब अध्यक्ष तुलसीराम सिलावट ने व्यक्त किए। विशेष अतिथि स्थानीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि वह दौर भी आसान नहीं था, लेकिन मेजर ध्यानचंद ने अपनी मेहनत से न सिर्फ अपना नाम कमाया, बल्कि देश का नाम भी रोशन किया। अब यह जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि 121वीं जयंती पर दादा ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण के बाद हॉकी का अभ्यास करने वाले 121 खिलाड़ियों को छाता वितरित किया गया।

# आयशर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार किशोर की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम घोसीखेड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां तेज रफ्तार अज्ञात आयशर वाहन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मोटरसाइकिल को सामने से सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आयशर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**बहन को लेने जा रहा था देवास**

पुलिस के अनुसार, मृतक शिवा पिता प्यारसिंह अहिर (17)निवासी नयागांव ठेकेदार की मोटरसाइकिल लेकर अपने घर से अपनी बहन को लेने के लिए उदयनगर जिला देवास जा रहा था। जब वह कनाड़ नदी पुलिया के पास तिंछा रोड ग्राम घोसीखेड़ा पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक अज्ञात आयशर गाड़ी के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए शिवा की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के तुरंत बाद आरोपी चालक अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार में भगाकर ले गया। भीषण सड़क हादसे में शिवा के सिर, दाहिने हाथ की कोहनी और दाहिने पैर के घुटने में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से 108 एम्बुलेंस के जरिए घायल शिवा को तत्काल इलाज के लिए मध्य भारत अस्पताल महू पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल में प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण उसे मृत घोषित कर दिया। सिमरोल थाना पुलिस ने मामले में शव का पोस्टमार्टम कराया है और दुर्घटना को अंजाम देकर भागे अज्ञात आयशर वाहन तथा उसके चालक की तलाश में क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

# चोइथराम मंडी में होटल कर्मचारी से नकदी छीनकर भागे बेखौफ बदमाश

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, गेट नंबर 2 और 3 के बीच बदमाशों ने रेकी कर दिया वारदात को अंजाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चोइथराम सब्जी मंडी में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। मंडी में रोजाना की तरह सब्जी खरीदने पहुंचे एक होटल कर्मचारी को रास्ते में घेरकर बदमाशों ने डरा-धमकाकर नकदी और सामान छीन लिया और रफूचक्कर हो गए। वारदात के बाद मंडी परिसर में हड़कंप मच गया। पूरी घटना वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर




पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही है।

घटना बीती सुबह चोइथराम सब्जी मंडी के गेट नंबर 2 और 3 के बीच हुई। पीड़ित मुकेश रोजाना की तरह मंडी से होटल के लिए सब्जियां खरीदने आया था। वह खरीदारी कर जैसे ही बाहर की ओर निकल रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसे घेर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी काफी देर से कर्मचारी की रेकी कर रहे थे और उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। सुनसान का फायदा उठाकर बदमाशों ने उसे रोका एवं जान से मारने की धमकी देकर जेब में रखी नकदी और कीमती सामान छीना और पलक झपकते ही फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज लूट के बाद मंडी के व्यापारियों और खरीदारों में अफरा-तफरी मच गई। उधर होटल कर्मचारी द्वारा लिखित शिकायत किये जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की पहचान के प्रयास कर रही है।



# चार स्थाई वारंटियों को दबोचा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देपालपुर पुलिस ने आधी रात चलाए गए कालीन कांबिंग गश्त अभियान के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे 4 स्थायी वारंटियों शिवनारायण नकुम निवासी खड़ी, बापूसिंह निवासी बरोदापंथ, गोवर्धन प्रजापत निवासी देपालपुर, लालचंद्र निवासी खड़ी को धरदबोचा। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में टीआई दीपक बघेल एवं राजेन्द्र सुमन, अमितसिंह राजपूत दीपेन्द्र गुर्जर का योगदान रहा।

# सड़क हादसों में दो की मौत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अलग अलग इलाकों में सड़क हादसों में दो लोगो की मौत हो गई।दोनो मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कर रही है। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक दुर्घटना में शिवपुरी निवासी 55 वर्षीय संजय की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, पुलिस इसकी जांच कर रही है। इसी तरह कनाड़िया बायपास पर दोपहर कल करीब 12 बजे एक अज्ञात वाहन ने राहगीर को टक्कर मार दी। इस हादसे में भी एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

### शराब के लिए अड़ीबाज़ी

# मना करने पर युवक के सिर पर नुकीली वस्तु से वार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के बी.के. हरिजन कॉलोनी में शराब पीने के लिए पैसे मांगने और मना करने पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। अड़ीबाज़ी करने वाले बदमाश ने युवक के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और सिर पर नुकीली वस्तु से वार कर दिया। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के दोस्त को भी आरोपी ने पीट दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बीचबचाव करने आए दोस्त के साथ भी की मारपीट**

पुलिस के अनुसार, फरियादी करण पिता बैजू धूरिया निवासी बी.के. हरिजन कॉलोनी ने जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त रामदेव के साथ बैठकर बातचीत कर रहा था। उसी दौरान सिंधी कॉलोनी निवासी अंकित उर्फ पन्नी परमालिया वहां आया और आते ही गालियां देने लगा। आरोपी ने दादागिरी दिखाते हुए फरियादी से कहा कि मुझे शराब पीने के लिए 1000 रुपये दे, नहीं तो मैं तुझे मारूंगा। जब फरियादी करण ने शराब के लिए पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो आरोपी अंकित भड़क गया। उसने पीड़ित के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी और अपने पास रखी किसी नुकीली वस्तु से करण के सिर पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के माथे और सिर में गहरी चोट आई और खून बहने लगा। अपने दोस्त को लहूलुहान देख जब रामदेव बीच-बचाव करने आगे आया, तो आरोपी अंकित ने उसके साथ भी हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। जाते-जाते आरोपी धमकी दे गया कि आज तो तुझे छोड़ रहा हूं, आइंदा मुझे शराब पीने के पैसे नहीं दिए तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला अधिकारी से दुष्कर्म

## चाकू की नोक पर सहकर्मी ने बनाया हवस का शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुड़ैल थाना क्षेत्र के असरावद स्थित आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला स्वास्थ्य अधिकारी के साथ उनके ही सहकर्मी द्वारा चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया गया।आरोपी ने पीड़िता को परिवार को जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और स्वास्थ्य केंद्र की ऊपरी मंजिल पर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। खुड़ैल थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने और अन्य गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

खुड़ैल पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के आरोग्यम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ 28 वर्षीय महिला अधिकारी ने थाने पहुँचकर आरोपी सोहेल शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी सोहेल भी उसी स्वास्थ्य केंद्र में पीड़िता के समकक्ष पद पर पदस्थ है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले कई दिनों से उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था और उस पर गलत काम करने का दबाव बना रहा था।?घटना वाले दिन सुबह जब महिला अधिकारी रोजाना की तरह अपने ड्यूटी पर आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र पहुँची, तो आरोपी सोहेल शेख उनके पास आया और स्वास्थ्य केंद्र की ऊपरी मंजिल पर विजिट के बहाने चलने को कहा। जब पीड़िता ने साथ जाने से मना किया, तो आरोपी ने उन्हें डराया-धमकाया और कहा कि इतने सालों से हम साथ काम कर रहे हैं, क्या मुझ पर इतना भी भरोसा नहीं है? परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंतित पीड़िता न चाहते हुए भी आरोपी के झांसे में आकर उसके साथ ऊपरी मंजिल पर चली गई। ऊपरी मंजिल पर पहुँचते ही आरोपी सोहेल ने कमरे का दरवाजा अंदर से अचानक बंद कर दिया। इससे पहले कि पीड़िता कुछ समझ पाती, आरोपी ने उनका मुंह दबाकर उन्हें जमीन पर पटक दिया। इसके बाद आरोपी ने अपनी जेब से धारदार चाकू निकाला और पीड़िता की गर्दन पर अड़ा दिया। आरोपी ने धमकी दी कि अगर शोर मचाया या विरोध किया तो पहले तुझे मारूँगा और फिर तेरे पूरे परिवार को खत्म कर दूंगा। चाकू की नोक पर बुरी तरह घबराई पीड़िता को असहाय पाकर आरोपी ने उनके साथ गलत काम किया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना के बाद बदहवास हालत में पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद वे तुरंत खुड़ैल थाने पहुँचे। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी सोहेल शेख के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें फरार आरोपी सोहेल शेख की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।